संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -200 बुधवार,22 मई 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबर

### क्या रद्द होगा रेवन्ना का पासपोर्ट?



बेंगलुरु,21 मई 2024 (ए)। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार ने यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट के आधार पर उनका राजनयिक पासपोर्ट रद करने के लिए विदेश मंत्रालय को पत्र लिखा है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते 33 वर्षीय प्रज्वल पर कई महिलाओं के यौन शोषण का आरोप है। प्रज्वल हासन में हुए मतदान के एक दिन बाद 27 अप्रैल को जर्मनी के लिए रवाना हो गए थे और अभी तक वापस नहीं लौटे हैं। परमेश्वर ने कहा कि मुख्यमंत्री पहले ही प्रधानमंत्री को पत्र लिख चुके हैं,लेकिन कानून के अनुसार,गृह मंत्रालय द्वारा भी पत्र लिखा गया है। राज्य के गृह मंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अगर पासपोर्ट रद हो गया, तो प्रज्वल के लिए विदेश में रहना असंभव होगा और उन्हें वापस आना होगा।

### उनकी आकांक्षाएं पूरी करना मेरी जिम्मेदारी



नई दिल्ली,21 मई 2024 (ए)। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उनके बेटे व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उन्हें याद करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि राजीव गांधी की आकांक्षाएं पूरी करना उनकी जिम्मेदारी है। राहुल गांधी ने अपनी भावनात्मक पोस्ट साझा की है जिसमें उन्होंने लिखा, पापा, आपके सपने, मेरे सपने, आपकी आकांक्षाएं, मेरी जि़म्मेदारियां। आपकी यादें, आज और हमेशा, दिल में सदा।

### पुणे पोर्श केस में नाबालिग का पिता गिरफ्तार



पुणे,21 मई 2024(ए)। पुणे में पोर्श कार हादसे में महाराष्ट्र पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। पुलिस ने मंगलवार को औरंगाबाद जिले से आरोपी नाबालिग लड़के के रियल एस्टेट डेवलपर पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

### फर्रुखाबाद के एक मतदान केंद्र पर 25 मई को होगा पुनर्मतदान



#### फर्जी मतदान के बाद चुनाव आयोग का फैसला

एटा,21 मई 2024(ए)। उत्तरप्रदेश की फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाले एटा जिले के एक मतदान केंद्र पर फर्जी मतदान के बाद अब निर्वाचन आयोग ने 25 मई को पुनर्मतदान कराने का फैसला किया है। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।सुबह 7 बजे से अपराह्न 6 बजे तक फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले एटा जिले के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र के खिरिया पमारान गांव में पुनः मतदान कराया जाएगा। बता दें कि फर्रुखाबाद से मौजूदा सांसद और भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के खिलाफ विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन ने सपा की ओर से डॉ. नवल किशोर शाक्य को मैदान में उतारा है।

# जज साहब...ये एक साथ कर रहे हैं दो घोड़े की सवारी...

**» बीच में मत बोलिए...सोरेन की जमानत याचिका पर सिब्बल और एएसजी के बीच हुई तीखी बहस...**

नई दिल्ली/रांची,21 मई 2024 (ए)। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सर्वोच्च न्यायालय से झटका लगा है। जमीन घोटाले में आरोपी हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका पर आज सुनवाई पूरी नहीं हो पाई। उनकी अंतरिम जमानत पर अदालत कल फिर विचार करेगी। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के वकीलों के बीच तीखी बहस भी हुई। एएसजी ने कहा कि इस मामले की सुनवाई गर्मी छुट्टी के बाद भी हो सकती है। डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सर्वोच्च न्यायालय से मंगलवार को झटका लगा है। जमीन घोटाले में आरोपी हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका पर आज सुनवाई पूरी नहीं हो पाई। उनकी अंतरिम जमानत पर अदालत कल (22 मई) फिर विचार करेगी। वहीं, सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और कपिल सिब्बल के बीच तीखी नोकझोंक हुई।



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सर्वोच्च न्यायालय से मंगलवार को झटका लगा है। जमीन घोटाले में आरोपी हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका पर आज सुनवाई पूरी नहीं हो पाई। उनकी अंतरिम जमानत पर अदालत कल (22 मई) फिर विचार करेगी। वहीं, सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और कपिल सिब्बल के बीच तीखी नोकझोंक हुई।

### जांच एजेंसी के केस मजबूतः कोर्ट

हेमंत सोरेन की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि निचली अदालत और उच्च न्यायालय में जो आधार रखे थे वो सुप्रीम कोर्ट में कैसे बदल गए। कपिल सिब्बल के दलील पर कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा, जांच एजेंसी के केस मजबूत हैं।

### दोनों पक्षों के वकीलों में हुई तीखी बहस...

बेंच ने जब इस मामले के रूप बारे में पूछा तो कपिल सिब्बल ने कहा कि यह बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका है। इसी बीच एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ने कपिल सिब्बल की बात को बीच में रोक दिया। कपिल सिब्बल ने कहा...कृपया आप बीच में न बोलें। इसपर एसवी राजू ने कहा...मैं तो कोर्ट की मदद कर रहा हूं। इस पर कपिल सिब्बल ने कहा...मैं भी कोर्ट की मदद ही कर रहा हूं।कपिल सिब्बल ने कोर्ट से कहा...इस मामले पर कल सुनवाई होनी चाहिए तो एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि मामले पर गर्मी की छुट्टी के बाद भी सुनवाई हो सकती है। हालांकि, बेंच ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण मामला है। इस मामले पर कल सुनवाई होनी चाहिए।इसके बाद एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि अगर मेरे दखलअंदाजी से कपिल सिब्बल को बुरा लगा तो मैं उनसे माफी मांगता हूं।एएसजी के इस बयान पर जज ने कहा,जब दूसरे पक्ष के वकील दलील दे रहे हों तो आपको शांत रहना चाहिए। इसके बाद बेंच ने कहा कि मामले की सुनवाई कल होगी।

### ईडी और कोर्ट के इन सवालों में उलझ गए सिब्बल

जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सोरेन के वकील से सवाल किया कि जब अदालत प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल आरोपपत्र पर संज्ञान ले चुकी है जिसमें अदालत ने माना है कि प्रथमदृष्ट्या मामला बनता है। तो फिर आप बताइये कि अदालत के संज्ञान लेने के बाद भी सुप्रीम कोर्ट गिरफ्तारी की वैधता पर विचार कर सकता है।

## दिल्ली एलजी के बयान से साबित होता है स्वाति मालीवाल भाजपा के लिए काम कर रही


नई दिल्ली,21 मई 2024 (ए)। आम आदमी पार्टी सांसद स्वाति मालीवाल के साथ सीएम आवास में पीएम द्वारा की गई बदसलूकी के आरोप पर दिल्ली के उपराज्यपाल ने प्रतिक्रिया व्यक्त की। जिस पर आम आदमी पार्टी ने जवाब दिया है। आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को कहा दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के बयान से साबित होता है कि स्वाति मालीवाल भाजपा के लिए काम कर रही हैं। याद रहे केजरीवाल के पीएम पर आरोप के बाद से ही स्वाती मालीवाल को आप भाजपा का एजेंट बता रही है। आम आदमी पार्टी ने कहा भाजपा चुनाव के दौरान हर दिन साचिश रच रही है। कभी शराब घोटाला, कभी स्वाती मालीवाल तो कभी विदेश फंडिंग के झूठे आरोप, भारतीय जनता पार्टी हर दिन नए हथकंडे अपनाएगी। आप ने कहा भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 में बुरी तरह हार रही है। आप ने ये भी कहा मोदी जी की डूबती नैया स्वाती मालीवाल का सहारा ले रही है। बता दें दिल्ली के राज निवास ने स्वाति मालीवाल मामले पर उपराज्यपाल वी.के. का बयान जारी किया था। जिसमें सक्सेना ने कहा मुख्यमंत्री के आवास पर आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के मुद्दे पर पिछले कुछ दिनों से मीडिया में चल रही खबरों से मैं बहुत व्यथित हूं। उन्होंने कहा मैं स्वाती मालीवाल से बात की उन्होंने बेहद पीड़ा के साथ मुझे फोन किया और अपने दर्दनाक अनुभव और उसके बाद अपने ही सहकर्मियों द्वारा उसे दी जाने वाली धमकी और शर्मिंदगी के बारे में विस्तार से बताया। एलजी ने कहा स्वाती मालीवाल ने सबूतों के साथ कथित छेड़छाड़ और जबरदस्ती की बात भी बताई, जिसे सुनकर मुझे दुख हुआ है।



## दिल्ली हाईकोर्ट ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज की

**» बीमार पत्नी से हफ्ते में एक दिन मिल सकेंगे, 15 महीने से तिहाड़ में बंद हैं...**

नई दिल्ली,21 मई 2024 (ए)। शराब नीति केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। हालांकि हाईकोर्ट ने उन्हें हफ्ते में एक दिन अपनी बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दी है। हाईकोर्ट ने 14 मई को यह फैसला सुरक्षित रख लिया था।हाईकोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि यह केस सत्ता के दुरुपयोग का है। इनका मकसद था, ऐसी पॉलिसी बनाना जो कुछ लोगों के लिए फायदेमंद रहे और जिससे इन्हें कुछ मुनाफा मिलता रहे। याचिकाकर्ता के ऐसी पॉलिसी डिजाइन करने की इच्छा करते ही भ्रष्टाचार शुरू हो गया था।कोर्ट ने कहा कि



इस मामले में जो सबूत सामने आए हैं, उससे पता चलता है कि सिसोदिया ने अपने मुताबिक नतीजे दिखाने के लिए पब्लिक फीडबैक में छेड़छाड़ की। सिसोदिया ने अपनी ही बनाई एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट को भी दरकिनार कर दिया।वहीं, आज ही राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 मई तक बढ़ा दी।



## ओडिशा में हजार से ज्यादा ग्रामीणों ने मतदान का किया बहिष्कार

बलांगीर,21 मई 2024 (ए)। ओडिशा के बलांगीर निर्वाचन क्षेत्र में 1000 से अधिक ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान का बहिष्कार किया। मतदाताओं की अनुपस्थिति के कारण दोपहर करीब दो बजे मतदान केंद्रों पर मतदान अधिकारियों ने सभी ईवीएम और वीवीपैट को सील कर दिया था।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ग्रामीणों का बहिष्कार स्कूलों और अस्पतालों की मांग को लेकर था। यह घटना टिटलागढ़ विधानसभा क्षेत्र के करम ताला ग्राम पंचायत के अधीन डबजोर गांव में हुई, जो ओडिशा में बलांगीर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। लगभग 1071 मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार किया, जिसमें 561 पुरुष और 510 महिलाएं हैं।

## विदाई भाषण के बाद चर्चा में आए जज

**» आरएसएस में लौटने के लिए तैयार**

कोलकाता,21 मई 2024 (ए)। कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस चितरंजन दास ने दावा किया कि वो बचपन से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे हैं। संघ ने ही उनके व्यक्तित्व को आकार देने और उनमें साहस, देशभक्ति पैदा करने में मदद की थी। न्यायमूर्ति चितरंजन दास ये खुलासा कलकत्ता हाईकोर्ट से सेवानिवृत्त होने के बाद अपनी फेयरवेल में किया है। उन्होंने अपनी फेयरवेल पार्टी में बोलते हुए कहा कि आज मुझे अपनी असलियत बतानी चाहिए। मैं एक संगठन का बहुत आभारी हूं, मैं बचपन से लेकर युवावस्था तक वहां रहा हूं। मैंने वहां साहसी, ईमानदार होना और दूसरों के लिए समान विचार रखना, देशभक्ति और जहां आप काम करते हैं। उस काम के लिए प्रतिबद्धता की भावना सीखी. मुझे स्वीकार करना चाहिए कि मैं आरएसएस का सदस्य था और हूं। मैंने अपने काम की वजह से लगभग 37 साल तक संगठन से दूरी बना ली।



उन्होंने दावा करते हुए यह भी कहा कि मैंने कभी भी अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए अपने संगठन का इस्तेमाल नहीं किया, क्योंकि यह हमारे सिद्धांतों के खिलाफ है। मैंने हर किसी को एक ही तराजू में तोला, चाहे वह कम्युनिस्ट हो, भाजपा, कांग्रेस या फिर टीएमसी से संबंधित व्यक्ति हो। मेरा किसी से कोई लेना-देना नहीं है। मैं किसी राजनीतिक शख्सियत के खिलाफ नहीं हूं. मेरे सामने सब बराबर थे। मैंने दो सिद्धांतों पर न्याय देने की कोशिश की। पहला सहानुभूति और दूसरा है न्याय करने के लिए कानून को झुकाया जा सकता है, लेकिन न्याय को कानून के अनुरूप नहीं बनाया जा सकता। न्यायाधीश ने यह भी खुलासा किया कि वह अब आरएसएस के लिए काम करना चाहते हैं, क्योंकि अब वो रिटायर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि वे मुझे किसी मदद या किसी काम के लिए बुलाते हैं, जिसे करने में मैं सक्षम हूं तो मैं अब संगठन में वापस जाने के लिए तैयार हूं।

## महिलाओं को फटकार लगाई

**» जुर्माने का भी आदेश, हाईकोर्ट से हैरान करने वाला मामला**



नई दिल्ली,21 मई 2024 (ए)। पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट ने हाल ही में दो अलग-अलग मामलों की सुनवाई करते हुए दो महिलाओं पर जुर्माना लगाया। इन महिलाओं ने अपने पूर्व पतियों के खिलाफ क्रूरता में केस दर्ज कराया था। हाई कोर्ट इनके पूर्व पतियों की अर्जी पर सुनवाई कर रही थी। हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि दोनों पक्षों में वैवाहित विवाद का निपटान हो चुका है और दोनों महिलाओं ने गुजारा भत्ता भी स्वीकार कर लिया है लेकिन, पूर्व पतियों के खिलाफ केस वापस नहीं लिया है। जिस पर हाई कोर्ट ने दोनों महिलाओं को फटकार लगाई और जुर्माने का आदेश जारी किया। न्यायमूर्ति सुमीत गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने 1 मई और 15 मई के दो अलग-अलग मामलों में यह आदेश पारित किया। हाई कोर्ट ने दोनों महिलाओं पर 40 हजार और 25 हजार का जुर्माना लगाने का आदेश दिया।

## भाजपा कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या,फैली सनसनी

आरा,21 मई 2024 (ए)। आरा में मंगलवार सुबह 9 बजे भाजपा कार्यकर्ता की गोली मार हत्या कर दी गई। बहुत करीब से सीने के बाएं साइड गोली मारी गई है। मृतक कुदरिया गांव निवासी हेमंत कुमार सिंह उर्फ टुनटुन सिंह का 26 साल का बेटा बेटा प्रिंस सिंह है। प्रिंस का गांव के एक व्यक्ति से करीब 6 महीने से जमीन विवाद चल रहा था। दो दिन से पंचायती भी हो रही थी। मामले के निपटारे के लिए प्रिंस बड़हरा के विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के घर जा रहा था। घर से डेढ़ किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद बदमाशों ने प्रिंस को रास्ते में घेर लिया और गोली मार दी। जहां वारदात हुई वहां से विधायक का घर भी डेढ़ किमी की दूरी पर था। घटना टाउन थाना क्षेत्र के मझौंवा गांव स्थित बांध के पास की है।



घटना की सूचना मिलते ही टाउन थानाध्यक्षा देवराज राय, अपर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वारदात स्थल पर जांच के बाद अधिकारी मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मामले की जानकारी ली। पोस्टमॉर्टम के दौरान डेड बॉडी का एक्स-रे कराया गया। इस दौरान पैंट की पॉकेट से तीन कारतूस मिले।



## गैंगरेप कर बच्ची को जिंदा जलाने वाले दो भाइयों को कोर्ट ने सुनाई सजा-ए-मौत

जयपुर,21 मई 2024(ए)। पॉक्सो कोर्ट ने भीलवाड़ा सामूहिक बलात्कार और हत्या मामले में दो भाइयों को मौत की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने मामले को दुर्लभ से दुर्लभतम मानते हुए शनिवार को दो भाई कालू और कान्हा को दोषी ठहराया था और सात अन्य आरोपियों को बरी कर दिया था। कोर्ट ने फैसला सोमवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद मृतका के माता-पिता ने कहा, हमें न्याय मिला। जिन सात आरोपियों को बरी किया गया, उनमें दोषियों की मां, बहन और पत्नियां शामिल हैं। अभियोजन पक्ष ने 43 गवाहों को पेश किया। इनमें से 42 ने साक्ष्य का समर्थन किया।विशेष लोक अभियोजक महावीर किसनावत ने कहा, मामले में 473 पन्नों की चार्जशीट दायर की गई थी और 10 महीनों से सुनवाई चल रही थी।

## रोहिणी आचार्य के चलते छपरा में हुआ जमकर बवाल,1 की मौत

छपरा,21 मई 2024(ए)। छपरा शहर के नगर थाना क्षेत्र के तेलपा मोहल्ले में मंगलवार की सुबह में पूर्व के चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर बवाल हो गया। जिसके बाद वहां गोलियां चल गई इससे तेलपा निवासी चंदन राय की मौत हो गई।



वहीं, दो लोग जख्मी हालत में छपरा सदर अस्पताल लाए गए। जख्मी लोगों में बड़ा तेलपा निवासी मनोज राय एवं गुड्डू राय बताए जाते हैं। दोनों लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया गया है। इधर, चंदन राय की मौत के बाद सदर अस्पताल में उनके स्वजनों ने जमकर हंगामा शुरू कर दिया है। इस गोलीबारी की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस कप्तान डॉक्टर गौरव मंगल मौके पर पहुंचकर मामले की तहकीकात में जुट गए हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, मतदान के दिन सोमवार को बड़ा तेलपा के बूथ पर राजद प्रत्याशी डॉ रोहिणी आचार्य के पहुंचने पर दोनों समर्थकों के बीच विवाद हुआ था। हालांकि, विवाद को सुलझा लिया गया था,लेकिन मंगलवार को विवाद ने पुनः उग्र रूप ले लिया और दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। इसके बाद जमकर हुए विवाद में गोली चलाई गई। गोली चलने से चंदन राय की मौत हो गई है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। चंदन राय के घर वाले एक जाति विशेष के लोग पर गोली चलाने का आरोप लगा रहे हैं। बहरहाल पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# संपादकीय

## हकीकत जल्द स्पष्ट होगी

सुप्रीम कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग से पूछा है कि चुनाव होने के काफी दिनों बाद बढ़ा हुआ मतदान प्रतिशत क्यों जारी किया जा रहा है। इस बात को समझाया जाए।शीर्ष अदालत ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान आयोग से कहा कि वह 24 मई तक अपना पक्ष रखे।एडीआर ने अपनी याचिका में मांग की है कि आयोग को चुनाव होने के दो दिन के भीतर ही अंतिम आंकड़े जारी करने को कहा जाए। यहीं संशय की स्थिति बनी और विपक्ष ने मतदान के आंकड़े देरी से जारी करने को चुनाव में मुद्दा बना लिया है।दरअसल, एक चरण के अंतिम आंकड़े आने पर एक करोड़ वोट बढ़ जाने से हर कोई चौंका है, और आम मतदाता के गले निर्वाचन आयोग की यह दलील नहीं उतर रही है कि मतदान का प्रतिशत बढ़ जाना सामान्य बात है।निर्वाचन आयोग मतदान के अंतिम आंकड़े जारी कर रहा है, तो मतदान 5-6 प्रतिशत बढ़ा हुआ आ रहा है। एडीआर की याचिका पर राजनीतिक माइलेज लेने की गरज से विपक्ष इस कृत्य को भाजपा के लिए मददगार करार देने में जुट गया है।हालांकि इससे पहले वह ईवीएम के मुद्दे को लेकर भी खासा मुखर हुआ था और ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए शीर्ष अदालत जा पहुंचा था।सुप्रीम कोर्ट ने मामले में स्पष्ट फैसला देते हुए विपक्ष के इस उपक्रम पर रोक लगा दी तो ईवीएम की विश्वसनीयता पर संदेह करके निर्वाचन आयोग और सत्ता पक्ष को घेरना विपक्ष के लिए मुमकिन नहीं रह गया है।ले-दे के मतदान प्रतिशत के आंकड़े देरी से जारी करने का मुद्दा विपक्ष के सामने बच रहा जिसे वह भुनाने में जुट गया है। हालांकि वह अभी तक प्रभावी तरीके से मतदान प्रतिशत के आंकड़े में विलंब का मुद्दा नहीं उठा पाया है। फिर भी उसकी कोशिश जारी है कि कुछ सरकारी एजेंसियों की तरह संवैधानिक संस्थाओं और निर्वाचन आयोग की स्वायत्तता पर सवाल उठाते हुए उन्हें सरकार का मददगार बताए।मतदाता को चुनाव में लेवल प्लेइंग फील्ड न होने का यकीन दिला कर उसकी हमदर्दी हासिल करे। यदि सफल रहता है तो उसे अपने पक्ष में ज्यादा मतदान करा ले जाने की संभावना दिखलाई पड़ रही है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने एडीआर की याचिका पर जो व्यवस्था दी है, उससे लगता है कि मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में देरी की हकीकत जल्द स्पष्ट होगी।

## ईंधन दम घोंट रहा

राजधानी दिल्ली की हवा में इन दिनों अजब किस्म का जहर घुल रहा है। अजब इसलिए कि जिस ईंधन से वाहनों को चलाना सुरक्षित घोषित किया गया था, अब वही ईंधन दम घोंट रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंतण्रबोर्ड( सीपीसीबी) के ताजे एयर बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का एक्यूआई 224 है और इस बार हवा का मिजाज बिगडने का अकारण नाइट्रोजन डाई आक्साईड (एनओ 2) का आधिक्य है। एनओ-2 की हवा में मौजूदगी कार्बन डाईआक्साइड से भी अधिक घातक होती है। सीपीसीबी का आकलन है कि एनओ 2 की मात्रा बढने का कारण सीएनजी वाहनों से निकलने वाली रासायनिक गैस हैं।दिल्ली में वायु प्रदूषण को नियंत्रित रखने के तंत्र ने महज पीएम 2.5 और 10 को नियंत्रित करने की कोशिशें की और इसके लिए सीएनजी वाहनों की संख्या इतनी हो गई कि अब काला धुएं की जगह अदृश्य धुआं इंसानों के जीवन का दुश्मन बना है। जुलाई-21 में जारी की गई रिपोर्ट बिहाइंड द स्मोक स्क्रीन सैटेलाइट डाटा रिवील एयर पॉल्यूशन इन्क्रीज इन इंडियाज एट मोस्ट पॉपुलस स्टेट कैपिटल्स' में चेतावनी दे गई थी कि साल दर साल दिल्ली सहित देश के कई बड़े शहरों में नाइट्रोजन ऑक्साइड की मात्रा में इजाफा हो रहा है।सेटेलाइट डाटा विश्लेषण के आधार पर ग्रीनपीस इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल 2020 की तुलना में अप्रैल 2021 में दिल्ली में नाइट्रोजन ऑक्साइड की मात्रा 125 फीसद तक ज्यादा रही। ग्रामीण क्षेत्रों में तो नाइट्रोजन ऑक्साइड के बढने के कारण खेती में अंधाधुंध रासायनिक खाद का इस्तेमाल, मवेशी पालन आदि होता है, लेकिन बड़े शहरों में इसका मूल कारण निरापद या ग्रीन फ्यूल कहे जाने वाले सीएनजी वाहनों का उत्सर्जन है। जान लें नाइट्रोजन की ऑक्सीजन के साथ मिल कर बनीं गैसें-जिन्हें आक्साईड आफ नाइट्रोजन' कहते हैं, मानव जीवन और पर्यावरण के लिए उतनी ही नुकसानदेह हैं जितना कार्बन आक्साईड या मोनो आक्साइड।यूरोप में हुए शोध बताते हैं कि सीएनजी वाहनों से निकलने वाले नेनो मीटर (एनएम) आकार के बेहद बारीक कण कैंसर, अल्जाइमर, फेफड़ों के रोग का खुला न्योता हैं। पूरे यूरोप में इस समय सुरक्षित ईंधन के रूप में वाहनों में सीएनजी के इस्तेमाल पर शोध चल रहे हैं। विदित हो यूरो-6 स्तर के सीएनजी वाहनों के लिए भी कण उत्सर्जन की कोई अधिकतम सीमा तय नहीं है और इसी लिए इससे उपज रहे वायु प्रदुषण और उसके इंसान के जीवन पर कुप्रभाव और वैश्विक पर्यावरण को हो रहे नुक्सान को नजरअंदाज किया जा रहा है। जान लें पर्यावरण मित्र कहे जाने वाले इस ईंधन से बेहद सूक्षम लेकिन घातक 2. 5 एनएम (नेनो मीटर) का उत्सर्जन पेट्रोल-डीजल वाहनों की तुलना में 100 से 500 गुना अधिक है।खासकर शहरी यातायात में जहां वाहन बहुत धीरे चलते हैं, भारत जैसे चरम गर्मी वाले परिवेश में सीएनजी वाहन उतनी ही मौत बांट रहे हैं जितनी डीजल कार-बसें नुकसान कर रही थी बस कार्बन के बड़े पार्टकिल कम हो गए हैं। यह सच है कि सीएनजी वाहनों से अन्य ईंधन की तुलना में पार्टकुिलेट मेटर 80 फीसद और हाइड्रो कार्बन 35 प्रतिशत कम उत्सर्जित होता है, लेकिन इससे कार्बन मोनो आक्साइड उत्सर्जन पांच गुना अधिक है। शहरों में स्मोग और वातावरण में ओजोन परत के लिए यह गैस अधिक घातक है।

-पंकज चतुर्वेदी-

# बेहद जरूरी है संकटग्रस्त जैव प्रजातियों का संरक्षण

जीव-जंतु तथा पेड़-पौधे भी मनुष्यों की ही भांति ही धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन मनुष्य ने अपने निहित स्वार्थों



**योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़, नई दिल्ली

तथा विकास के नाम पर न केवल वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है बल्कि वनस्पतियों का भी तेजी से सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम भी कहा जाता है लेकिन चिंतनीय स्थिति यह है कि धरती पर अब वन्य जीवों तथा दुर्लभ वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है। वन्यजीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यही स्थिति वनस्पतियों के मामले में भी है।

वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत् विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है।



लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं, वहीं वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है। हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौन्दर्य है,इसलिए भी लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी पर मौजूद जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। 20 दिसम्बर 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव पारित करके इसे मनाने की शुरूआत की गई थी। इस प्रस्ताव पर 193 देशों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। दरअसल 22 मई 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया था, इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया।धरती पर पेड़-पौधों की संख्या बड़ी तेजी से घटने के कारण अनेक जानवरों और पक्षियों से उनके आशियाने छिन रहे हैं, जिससे उनका जीवन संकट में पड़ रहा है। पर्यावरण विशेषज्ञों का स्पष्ट कहना है कि यदि इस ओर जल्दी ही ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में स्थितियां इतनी खतरनाक हो जाएंगी कि धरती से पेड़-पौधों तथा जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां विलुप्त होकर सदा के इतिहास के पन्नों का हिस्सा बन जाएंगी। माना कि धरती पर मानव की बढ़ती जरूरतों और सुविधाओं की पूर्ति के लिए विकास आवश्यक है लेकिन यह हमें ही तय करना होगा कि विकास के इस दौर में पर्यावरण तथा जीव-जंतुओं के लिए खतरा उत्पन्न न हो। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक में चेतावनी देते हुए स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि विकास के नाम पर वनों की बड़े पैमाने पर कटाई के साथ-साथ जीव-जंतुओं तथा पक्षियों से उनके आवास छीने जाते रहे और ये प्रजातियां धीरे-धीरे धरती से एक-एक कर लुप्त होती गई तो भविष्य में उससे उत्पन्न होने वाली भयावह समस्याओं और खतरों का सामना हमें ही करना होगा। दरअसल बढ़ती आबादी तथा जंगलों के तेजी से होते शहरीकरण ने मनुष्य को इतना स्वार्थी बना दिया है कि वह प्रकृति प्रदत्त उन साधनों के स्रोतों को भूल चुका है, जिनके बिना उसका जीवन ही असंभव है। आज अगर खेतों में कीटों को मारकर खाने वाले चिड़िया, मोर, तीतर, बटेर, कौआ, बाज, गिद्ध जैसे किसानों के हितैषी माने जाने वाले पक्षी भी तेजी से लुप्त होने के कगार हैं तो हमें आसानी से समझ लेना चाहिए कि हम भयावह खतरे की ओर आगे बढ़ रहे हैं और हमें अब समय रहते सचेत हो जाना चाहिए। जैव विविधता की समृद्धि ही धरती को रहने तथा जीवनयापन के योग्य बनाती है, इसलिए लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।

# लू के थपेड़ों से जिंदगी की जंग हार है जाते हैं डेढ़ लाख से अधिक लोग

## हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है...आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है...

बात भले ही अजीब लगे पर यह सचाई है कि लू के थपेड़ों से डेढ़ लाख से अधिक लोग जिंदगी की जंग हार जाते हैं। वैसे तो दुनिया के सभी देश इससे प्रभावित हो रहे हैं पर भारत, रुस और चीन इससे सर्वाधिक प्रभावित हैं। प्रकृति का अत्याधिक और अंधाधुंध दोहन का परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसा नहीं है कि धरती के बढ़ते तापमान से दुनिया के देश चिंतित ना हो या इससे बेखबर हो पर इसे संतुलित करने के प्रयासों में जो लक्ष्य हासिल किया जाना था वह अभी दूर की कोड़ी ही सिद्ध हो रहा है। हालात बेहद चिंतनीय और गंभीर है। भारत के साथ-साथ ही दुनिया के देश अब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से दो चार होने लगे हैं। बेमौसम बरसात, तेज गर्मी, तेज सर्दी, आए दिन तूफानों का सिलसिला,भू स्खलन,सुनामी,ग्लेसियरों से बर्फ का तेजी से पिघलना,भूकंपन,जंगलों में आए दिन दावानल और ना जाने क्या-क्या दुष्परिणाम सामने आते जा रहे हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि मौसम के समय व अवधि में भी तेजी से बदलाव होता जा रहा है। कब बरसात आ जाएं तो कब तेज गर्मी और कब सर्दी के तेवर तेज या कम हो जाते हैं यह पता ही नहीं चल रहा है। सबसे चिंतनीय बात यह है कि हीटवेव की चपेट में आने से लोगों की मौतों में तेजी से इजाफा होने लगा है। देखा जाए तो यह हीटवेव मौत का कारण बनने लगी है।

हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों में केवल लू के थपेड़ों की लपेट में आने से एक लाख 54 हजार से अधिक व्यक्ति अपनी जान गंवा देते हैं। प्रति दस लाख में से 236 व्यक्तियों की मौत हीटवेव के कारण हो रही है। रिपोर्ट की माने तो इनमें से हर पांचवां जान गंवाने वाला व्यक्ति भारतीय है। यह अपने आप में चिंतनीय और गंभीर है। यह अध्ययन भी 43 देशों के 750 स्थानों के तापमान के अध्ययन के आधार पर है। अध्ययन कर्ताओं के अनुसार पिछले 30 सालों में हीटवेव के कारण मौत के आंकड़ें में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।भारतीय मौसम विभाग की माने तो पूर्वी भारत में 1901 के बाद सर्वाधिक गर्मी इस साल अप्रैल में रिकॉर्ड की गई है। प. बंगाल में 2015 के बाद



अप्रेल में सर्वाधिक लू के थपेड़ों को झेलना पड़ा है। इस तरह के कमोबेस हालात दुनिया के अधिकांश देशों में देखे जा सकते हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि समुद्र का जल स्तर बढ़ता जा रहा है और उसके परिणाम स्वरुप समुद्र के किनारे बसे शहरों का अस्तित्व तक संकट में आने लगा है। दरअसल यह सारी समस्या मानव जनित समस्या है। अधांधुंध शहरीकरण, पेड़-पौधों के जंगलों के जगह लोह कंक्रिट के खड़े होते जंगल, जन संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी और कार्बन् उत्सर्जन में लगाम लगाने में विफलता के परिणाम सामने आते जा रहे हैं। जैविक विविधता प्रभावित होती जा रही है। आधुनिकीकरण के नाम पर नित नए प्रयोग होने लगे हैं। जलवायु को प्रभावित करने वाले उत्पादों का उपयोग बेतहासा बढ़ा है। दुर्भाग्यजनक हालात यह है कि जिस उत्पाद को हम आज उपादेय बता रहे हैं एक समय बाद वहीं उत्पाद से होने वाले नुकसान गिनाने लगते हैं। दूसरी और वातावरण की नमी को समाप्त कर तापमान बढ़ाने में इन उत्पादों की खास भूमिका हो रही है। इन सबके साथ ही इंसानी गतिविधियों में बदलाव होने के साथ ही दखल बड़ा है। एक समय था जब बड़े जोर शोर के साथ पोलिथीन को उतारा गया और आज दुनिया के देश पालिथीन से मुक्ति चाहने लगे है। इसका कारण भी साफ है लोगों को पोलिथीन से होने वाले नुकसान का पता चलने लगा है। आज एसी, फ्रीज, ओवन आदि की घर घर उपलब्धता आसान हो गई है। अब ऐसी, फ्रीज या इस तरह के अन्य उत्पाद किस तरह से वातावरण को गर्म कर रहे हैं यह किसी से छुपा नहीं है। एक समय थर्मल पॉवर के प्लांट आवश्यकता थी पर आज कोयले की धुंआ के कारण किस तरह से वातावरण दूषित हो रहा है यह समझने लगे हैं। घर में जलने वाले बल्व की बात करें तो सामान्य बल्व से सीएफएल और उसके बाद एलईडी और सोलर का युग आ गया। सवाल कई बार तो ऐसे लगता है जैसे कि मार्केट फोर्सेज भी बहुत कुछ प्रभावित करती है। आज आर ओ का सेचुरेशन आ गया तो इसका उपयोग हानिकारक बताया जाने लगा हैं उसी तरह से जापान में ओवन को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया जाने लगा है। ईंधन के जितने भी साधन है वे सभी वातावरण को दूषित करने में आगे हैं। इसी तरह से सुविधाजनक इलेक्ट्रोनिक उत्पाद वातावरण को बिगाडने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे।देखा जाए तो प्रकृति के साथ खिलवाड करने का नजीजा सामने आने लगा है।

-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा-

# क्रोध,युद्ध केवल उन्माद और लोलुपता का परिणाम, व्यापक जन-धन का नुकसान और पश्चाताप

युद्ध और हिंसा क्रोध से शुरू होकर पश्चाताप और दुखों के चिंतन में खत्म होता है। मौजूदा रूप से इसराइल हमास युद्ध में हजारों लोगों की जानें चली गई



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी,
रायपुर छत्तीसगढ़

और 30 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी लोग बेघर हो गए,ईरानी राष्ट्रपति रईस की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत भी इसराइल की प्रति हिंसा का परिणाम माना जा रहा है विस्तृत जांच होना शेष है। युद्ध अभी तक थमा नहीं है युद्ध की चिंगारी एक दूसरे आक्रमण करने से भड़कती जा रही है न जाने इसका अंजाम क्या होगा। इसी तरह रूस और यूक्रेन युद्ध कि इतने दिनो से ज्यादा के युद्ध की परिणति में शिवाय पश्चाताप के कुछ नहीं है। रूस अपने सनकी राष्ट्रपति पुतिन की जिद की बलि चढ़ गया है। वह यूक्रेन से जीत कर भी मानसिक और वैचारिक रूप से हार गया है। रूस अपने को जितना बलशाली, शक्तिशाली समझता था अब उसकी पोल खुल गई है, 1 वर्ष से ज्यादा समय से युद्ध में रूस यूक्रेन जैसे छोटे देश को जीत नहीं पाया है। यूक्रेन भी अपनी राष्ट्रपति की हठधर्मिता के कारण पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुका है। यूक्रेन के 1 करोड़ 40 लाख नागरिक देश छोड़कर शरणार्थी बन चुके हैं। 40 हजार इमारतें बर्बाद हुई 20 लाख बच्चे घरों से दूर होकर शिक्षा से वंचित हो गए। ईसी तरह यूक्रेन तथा रूस के लगभग 50 हजार सैनिक युद्ध में मारे गए है। यह युद्ध की विभीषिका कहां तक जाएगी इसका आकलन करना तो कठिन है पर इसके परिणाम अत्यंत अमानवीय,कारुणिक और आर्थिक नुकसान देने वाले साबित हुए हैं।

रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन के तथाकथित दोस्तों अमेरिका तथा नैटो देशों ने सक्रियता से मैदान में साथ नहीं दिया, केवल दूर से यूक्रेन को शाबाशी देते रहे यूक्रेन अब संपूर्ण बर्बादी के कगार पर है। रूस का उसके अपने ही राष्ट्र में युद्ध के खिलाफ विरोध के स्वर उभर रहे हैं। नोबेल पुरस्कार प्राप्त पत्रकार ने अपने पूर्व में प्राप्त नोबेल पुरस्कार मेडल को बेचने का ऐलान किया है एवं यूक्रेन में मरने वाले हजारों बच्चों के हित में वह धनराशि रेड क्रॉस को प्रदान करेगा। पत्रकार ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का रूस की जनता अंदरूनी तौर पर विरोध करती है एवं भारी असंतोष भी है। मैं आपको रूस यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि का इतिहास बताता हूं।

यूक्रेन एक छोटा सा राज्य है, उसकी सैन्य शक्ति भी इतनी क्षमतावान नहीं है कि रूस या अन्य शक्तिशाली देश का सैन्य मुकाबला कर सके,पर अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो के 30 देशों के बहकावे में आकर उसने रूस को नाराज करना शुरू कर दिया था। यूक्रेन को



यकीन था कि रूस के आक्रमण के समय अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल और नाटो के कई देश उसकी रक्षा करेंगे, पर ताकतवर,शक्तिमान रूस के हमले के सामने ना तो अमेरिका ने अपना सैन्य आक्रमण किया ना ब्रिटेन ने अपनी सेना ही भेजी और ना ही अन्य नाटो देश में रूस के खिलाफ किसी तरह की जंग ही की है ,केवल दूर से बैठकर समझौते करने की बात करते रहे और रूस के आक्रमण की निंदा ही की है। यह आलेख लिखते तक रूस ने कीव पर कब्जा भी कर लिया होगा और उसके समस्त एयर बेस सैनिक अड्डों को नष्ट कर दिया है। यूक्रेन का एयर डिफेंस पूरी तरह चरमरा गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने बताया कि रूस ने सभी सैनिक हवाई अड्डों पर रॉकेट लॉन्चर दाग कर उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया है, यूक्रेन के लगभग 40 सैनिकों को मार भी गिराया है, इसमें 10 निर्दोष नागरिक भी मारे गए हैं। रूस ने दावा किया था कि वह नागरिक ठिकानों पर बमबारी नहीं करेंगा पर मिसाइल तथा गोलियां सैनिकों तथा नागरिकों को अलग-अलग नहीं पहचानती है, और यही वजह है कि सैनिकों के साथ नागरिक भी मारे गए। वर्ष 1914 में यूक्रेन से रूस ने क्रीमिया को अलग कर अपने अधिपत्य में ले लिया था। रूस का कहना है कि अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देश यूक्रेन को एक न्यू क्लियर सामरिक अड्डा रूस के खिलाफ बनाने की तैयारी कर चुके हैं, और इन सभी देशों के साथ यूक्रेन भी रूस की प्रतिरक्षा प्रणाली को बहुत बड़ा खतरा बन गया है। यूक्रेन पर अमेरिकी प्रशासन का पूरा पूरा नियंत्रण है, यूक्रेन प्रशासन केवल कठपुतली मात्र है। इसे संचालित करने वाला अमेरिका तथा ब्रिटेन ही है। यूक्रेन लगातार नाटो देश की सदस्यता के लिए प्रयास करता रहा है और अमेरिका चाहता है कि यूक्रेन नाटो देश का सदस्य बन कर रूस के खिलाफ एक सामरिक अड्डे की तरह उनके काम आए। तत्कालिक कारणों में रूप द्वारा गैस तथा तेल के लिए बिछाई गई पाइप लाइन जो जर्मन तक गैस तथा तेल पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ थी। जर्मन एक बहुत बड़ा तेल तथा गैस का बाजार है, यहां से सारे यूरोप में आर्थिक गतिविधि शुरू होकर गैस तथा तेल की सप्लाई की जाती है जो कि एक महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र है यह गैस पाइपलाइन यूक्रेन के क्षेत्र से होकर जनवरी तक जाती है। इससे नाटो देश को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान की संभावना भी है। दूसरी तरफ यूक्रेन, क्रीमिया को अपने पास वापस अपने अधिपत्य में लेना चाहता है, जो वर्तमान में रूस के कब्जे में है, इसके अलावा रूस ने यूक्रेन के दो बड़े क्षेत्र लुहानस्क और डोनट्स रिपब्लिक को राज्य के रूप में मान्यता दे दी है, यह बहुत बड़े क्षेत्र और इन्हीं के माध्यम से उसने अपनी सेना को यूक्रेन में दाखिल भी किया था। इन दो बड़े रिपब्लिक को देश की तरह मान्यता देने पर अमेरिका तथा ब्रिटेन और नाटो देशों ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन की बात कह कर भरपूर सार्वजनिक निंदा भी की है और किसी स्वतंत्र देश की प्रभुसत्ता पर हस्तक्षेप भी बताया है। रूस के इस यूक्रेन पर आक्रमण से भारत की चिंता अपने 20 हजार नौजवान छात्रों को जो युक्रेन में अध्ययन कर रहे थे। अब वहां फंसे हुए हैं, उन्हें बचाने की भी है। यूक्रेन तथा रूस के बीच शांति स्थापना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन से मध्य रात्रि के बीच लगभग 40 मिनट बात कर शांति स्थापना के अपील भी की है एवं नागरिकों को वहां से निकालने की चिंता से भी अवगत कराया है। निश्चित तौर पर भारत के यूक्रेन तथा रूस के साथ अच्छे संबंधों के कारण शांति बहाली की अपील कर रहा है, और इसका असर भी हो सकता है । यह तो तय है कि रूस और यूक्रेन के बीच यदि युद्ध में कोई भी विदेशी ताकत हस्तक्षेप करती है, तो विश्व युद्ध की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। रूस ने यूक्रेन की मदद के लिए किसी भी देश के आने पर भयानक परिणाम होने की चेतावनी भी दे डाली है। यूक्रेन को इस आफत में फंसाने एवं उसे रूस के विरुद्ध उकसाने के लिए अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देशों की भूमिका सदैव संदिग्ध ही रही है।

## प्रकृति





**प्रेम ठक्कर**
दिकुप्रेमी
सूरत, गुजरात

सुनो दिकु
प्रकृति की गोद में बसी है
तुम्हारी यादों की छाँव,
हर-हरे पत्ते पर
लिखा हुआ है तुम्हारा नाम।
चमकते सूरज की
किरणों में देखूं तुम्हारा चेहरा,
झरनों की मधुर ध्वनि में
सुनूँ तुम्हारी बातें।
फूलों की महक में
तेरी खुशबू सी लगती है,
हवाओं की सरगम में
गूंज रही हमारी मुलाकातें।
चाँदनी रात में जब
तारो की चमक सजती हैं,
उनकी रोशनी में तुम्हारी हँसी की
झलक मुझे दिखती है।
बादलों की छाँव में,
जब ठंडी हवा बहे,
तुम्हारे स्पर्श का एहसास
दिल को छू जाता है।
बारिश की बूँदों में,
जब धरती भीगती है,
तुम्हारे प्यार की नमी से
मेरा मन भी भीग जाता है।
प्रकृति के हर रंग में,हर रूप में,
तुम्हारा ही अक्स
मुझे दिखाई देता है।
तुम्हारी यादों के साये में,मैं जीता हूँ,
तुम लौट आओगी एक दिन,
प्रकृति का हर पल,
हमेशा मुझे यही कहता है।

## हम विनाश की ओर बढ़ रहे हैं



**श्याम सुंदर साहू**
राजिम जिला
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

आज विकास के नाम पर
मानव हरे भरे पेड़ पौधे की
अंधाधुंध कटाई कर रहे है
पर्यावरण का संतुलन दिन
प्रतिदिन बिगड़ते जा रहा है
आज मानव अपने पैरो पर
कैसे कुल्हाड़ी मार रहे हैं
हम विकास की ओर नहीं
विनाश की ओर बढ़ रहे हैं।
चकाचौंद की इस दुनिया में
सब फैशन में दौड़ रहे हैं
लड़कियां जींस पहन रहे है
लड़के बाल बढ़ा रहे हैं
भारतीय संस्कृति को छोड़
पाश्चात्य संस्कृति अपना रहे हैं
हम विकास की ओर नहीं
विनाश की ओर बढ़ रहे हैं।
आज लोग सोशल मीडिया के
लगातार गुलाम बनते जा रहे हैं
चाह कर भी इससे बाहर
नही निकल पा रहे हैं
बच्चे इसका गलत उपयोग कर
भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं
हम विकास की ओर नहीं
विनाश की ओर बढ़ रहे हैं।
लगातार उद्योग बढ़ रहे हैं
हवा जहरीला होता जा रहा है
गर्मी से धरती तप रही है
ग्लोबल वार्मिंग का खतरा
लगातार बढ़ते जा रहा है
ग्लेशियर पिघल रहे हैं
हम विकास की ओर नहीं
विनाश की ओर बढ़ रहे हैं।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# शासकीय भूमि पर भूमाफियाओं की नजर

**शासकीय भूमि पर बड़े स्तर पर चल रहा कब्जे का खेल**

**- मनोज कुमार -**
**लखनपुर,21 मई 2024 (घटती-घटना)।**






लखनपुर तहसील क्षेत्र में शासकीय भूमियों पर भूमाफियाओ की टेढ़ी नजर है। लगातार लखनपुर क्षेत्र में भू माफियाओं के द्वारा अपने चहेतों से सरकारी जमीनों पर कब्जा कराया जा रहा है। यही नहीं क्षेत्र में कई भूमियों का विवाद के चलते न्यायालय में प्रकरण चल रहा है उसके बावजूद भूमाफियाओं के द्वारा उक्त भूमि को खरीद कर बिक्री कर दिया जा रहा है। शासकीय भूमि में शाम ढलते ही ट्रैक्टरों में मिट्टी डालने का कार्य कराया जा रहा है सरकारी जमीन पर कब्जा किए जाने के मामले में शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लखनपुर तहसील अंतर्गत लखनपुर से दरिमा रोड, केवरा से तुरना रोड,भरतपुर से गुमगरा रोड़, अंधला से जमगला रोड ,बंधा से कुन्नी रोड के सटे बेसकीमती सरकारी जमीन पर कब्जेदारी को लेकर इन दीनों मारामारी चल रही है। जमीनी हथियाने को लेकर लोगों द्वारा छोटी झोपड़ियां मकान बनाकर कब्जा किया जा रहा है। आलम यह है कि आए दिन जमीन कब्जा को लेकर विवाद होता रहता है आपस में होने वाला वाद विवाद कभी भी खूनी संघर्ष में बदल सकता है इसके बावजूद जिम्मेदारों अधिकारियों के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

राजस्व विभाग के पटवारी और राजस्व अधिकारियो के द्वारा बेसकीमती जमीन पर मोटी रकम लेकर शासकीय भूमी का कब्जा दिया जा रहा है। आलम यह है कि लखनपुर राजस्व क्षेत्र मे शासकीय भवन बनाने जानें को लेकर जमीन नही मिलती है। साथ ही उक्त कब्जे की भूमि को भूमाफियाओं के साथ मिलकर राजस्व अधिकारियों से मिली भगत कर पट्टा बनवाकर प्लाटिंग कर खरीदी बिक्री का खेल किया जा रहा है। क्षेत्र में लंबे समय से भूमाफियाओं के द्वारा जमीन खरीदी बिक्री कर बिना परमिशन और डायवर्सन के प्लाटिंग कर जमीन बिक्री कर करोड़ों रुपए का खेल किया जा रहा है। लखनपुर,जुनाडीह,बेलदगी,चांदो, सोयदा, तुरना केवरा,कुंवरपुर सहित अन्य स्थानों पर भूमाफियाओं के द्वारा पटवारियों और अधिकारियो से साठ गांठ कर बिना परमिशन लिए डायवर्सन कराए ऊंचे दामों में प्लाटिंग कर जमीन की बिक्री की जा रही है।

इस संबंध में लखनपुर प्रभारी तहसीलदार प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर नीरज कौशिक ने बताया की शिकायत मिलने पर शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण को हटाया गया है वहीं अब तक जमीन प्लाटिंग को लेकर कोई परमिशन नहीं दिया गया है।

**प्रभारी तहसीलदार प्रशिक्षु**
**डिप्टी कलेक्टर**
**नीरज कौशिक**

उदयपुर अनुविभागीय अधिकारी बीआर खांडे से मोबाइल पर संपर्क करने पर उनसे बात नहीं हो पाया उनका पक्ष नहीं रखा गया ।

**एसडीएम उदयपुर**
**बी.आर. खांडे**

## आतंकवाद विरोधी दिवस पर आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने तथा विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की दिलाई गई शपथ






**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,21 मई 2024 (घटती-घटना)।**

आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर मंगलवार को सरगुजा संभागायुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में सरगुजा संभागायुक्त श्री जी.आर.चुरेंद्र ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने तथा विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलाई। इस दौरान देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास बनाए रखने,मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन के मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली शक्तियों से लड़ने की भी शपथ ली गई। इस अवसर पर संभागीय कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बुजुर्ग महिला के गले से चेन लूटने वाला युवक गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,21 मई 2024 (घटती-घटना)।**



कुछ दिन पूर्व शहर के नवापारा में स्कूटी सवार युवक ने वृद्ध महिला के गले से चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम दिया था। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना के दौरान वृद्ध महिला वाकर के सहारे पैदल दुकान से घर जा रही थी। चेन स्नेचिंग करने के बाद आरोपी किसी अज्ञात व्यक्ति से बेच दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

शहर के नवापारा निवासी प्रशांत सोनी की घर पर ही किराना व मोबाइल की दुकान है। 8 मई की रात करीब 9 बजे उसकी मां सुमित्रा सोनी उम्र करीब 75 वर्ष वॉकर के सहारे घर से निकलकर गली में टहलने गई थी। वह टहलते हुए वापस घर के पास पहुंची ही थी कि स्कूटी सवार एक युवक वहां पहुंचा और उसके पास रुक गया। इसके बाद मौका पाकर उसने उनके गले से सोने की चेन लूट ली और फरार हो गया। छीनाझपटी के दौरान बुजुर्ग महिला नीचे गिर गईं। जब उसने शोर मचाया तो प्रशांत की पत्नी व बहन दौड़कर वहां पहुंचे। फिर उन्होंने सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो पता चला कि स्कूटी सवार युवक ने वारदात को अंजाम दिया है। सोने की चेन की कीमत 40 हजार रुपए है। इसकी रिपोर्ट प्रशांत सोनी ने गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 392 के तहत अपराध दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरु की। पुलिस ने पीड़ित के घर के सीसीटीवी फुटेज में मिले हुलिए के आधार पर अपने मुखबिरों को तैनात किया। वहीं नवापारा सहित शहर के अन्य इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने के अलावा सायबर सेल टीम की मदद ली। अंततः पुलिस को सफलता मिली और उन्होंने चेन लूट के आरोपी बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दामोदरपुर रोड कमारी निवासी विकास जायसवाल 26 वर्ष को शहर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी फिलहाल शहर के भट्ठी रोड में रह रहा था। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि घटना के एक दिन पूर्व 7 मई को वह नवापारा शिव मंदिर की ओर घूमने गया था। इसी दौरान उसने बुजुर्ग महिला को गले में सोने की चेन पहने घूमते देखा था। इसके बाद उसने लूट की योजना बनाई और अगली रात अपनी जूपिटर स्कूटी से वहां पहुंच गया था। उसने बताया कि सोने की चेन उसने बेच दी थी। पुलिस ने उसके पास से चेन बेचने से प्राप्त रकम में से बचे हुए 3000 रुपए जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को जेल भेज दिया। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक अश्वनी सिंह, एसआई अश्वनी दीवान, एएसआई अजीत मिश्रा, विवेक पांडेय, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, प्रधान आरक्षक गणेश कदम्ब, आरक्षक बृजेश राय, उमाशंकर साहू, सत्येंद्र दुबे, संजीव चौबे, मनीष सिंह, राहुल सिंह,अतुल सिंह व अरविन्द उपाध्याय शामिल रहे।

## चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,21 मई 2024 (घटती-घटना)।**

चोरी के मामले में गांधीनगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



जानकारी के अनुसार बादल लकड़ा गांधीनगर थाना क्षेत्र के गोरसीडबरा का रहने वाला है। कुछ दिन पूर्व वह निजी काम से बाइक से दरिमा जा रहा था। रास्ते में बिक्कू नामक युवक को वह लिफ्ट दिया था। इस दोरान दोनों के बीच जान पहचान हुई थी। बिक्कू ने टाइल्स मिस्त्री होना बताकर कुछ काम बताने के लिए बोला था। 12 अगस्त 2023 को बिक्कू ने बादल को फोन कर बोला की मैं अंबिकापुर आ रहा हूं और मुझे रूकने की व्यवस्था करना। बादल ने अपने घर में ही उसे रूकने के लिए व्यवस्था किया था। रात को खाना पीना खाने के बाद सभी सो गए। इस दौरान बिक्कू ने बादल के घर से बाइक व उसका दो नग मोबाइल चोरी कर फरार हो गया था। वह मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही थी। आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस न आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्राम खताडांड थाना बगीचा जिला जशपुर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक व मोबाइल जब्त किया है।

## तीन विवि के बीच हुआ एमओयू,शोध व अकादमिक गतिविधियों में मिलेगा फायदा



**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,21 मई 2024 (घटती-घटना)।**

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर व शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के मध्य एमओयू हुआ है। इस दौरान तीनो विश्वविद्यालय के कुलपति उपस्थित रहे। 21 मई को अटल बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर में सम्पन्न हुआ इस कॉन्सेप्ट के आधार पर तीनों विश्वविद्यालय के मध्य अकादमिक गतिविधियों, स्पोर्टस, टुरिज्म, योगा, कॉन्प्रेस, सिलेबर्स डिजाईन, राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान, प्रशासनिक कार्य, साइंटिस्ट पुल,पेपर सेटिंग, फ्रिडम स्प्रिचुअल टुरिज्म,एनवायरमेन्टल, स्डिज आदि में समन्वय स्थापित कर एक दूसरे के साथ सहयोग करने के लिए समझौता किया गया। यह राज्य में सबसे पहला टीआरआईओ युनिवर्सिटी कॉन्सेप्ट है। जिससे सरगुजा, बिलासपुर, रायगढ़ के विद्यार्थियों,शिक्षकों की उन्नयन में यह लाभकारी साबित होगा।

एमओयू के तहत तीनों यूनिवर्सिटी मिलकर एक क्वार्डिनेशन कमेटी बनाएंगे जो सभी तरह के गतिविधियों में एक दूसरे की सहायता करेंगे। सबसे पहले ये तीनों विश्वविद्यालय एक रिसर्च जरनल प्रकाशित करेंगे, इसके बाद सभी विश्वविद्यालय एक कॉमन लोगों बनाकर अपने वेबसाईट पर प्रकाशित करेंगे। एनएसएस के माध्यम से सात दिवसीय शिविर लगाएंगे, एक प्लेसमेंट सेल का गठन करेंगे ताकि तीनों विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो सकेंगे। एक दूसरे के साथ कल्चरल एक्टीविटी, नेचरोपैथो, डिबेट कॉम्पीटीशन, रिसर्च पब्लिकेशन,स्पोर्ट्स एक्टीविटीज,अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, एगरीकल्चरल पुल आदि आपसी सहयोग से कार्यक्रम आयोजित करेंगे। संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अशोक सिंह ने कहा कि टीआरआईओ यूनिवर्सिटी का कॉन्सेप्ट तीनों विश्वविद्यालय के भविष्य के लिए बहुत आवश्यक है। क्योंकि इससे भविष्य में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की अकादमिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रो. एडीएन वाजपेयी, शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के कुलपति प्रो. ललीत पटेरिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रो. एचएस होता, प्रो. यशवंत पटेल, प्रो. तरूणधर दीवान, प्रो. एचएसपी तोण्डे, प्रो. जितेन्द्र श्रीवास्तव तथा अन्य उपस्थित रहे।




## द्रोणा रत्न स्पोटर्स अवार्ड से सम्मानित हुए अवधेश साहू

**- संवाददाता -**

**अम्बिकापुर, 21 मई 2024 (घटती-घटना)।** द्रोणा रत्न स्पोटर्स अवार्ड (कराटे) से सम्मानित किये गये अवधेश कुमार साहू । 5 मई 2024 को हरिद्वार उत्तराखण्ड राज्य में भारत स्तरीय द्रोणा रत्न स्पोटर्स अवार्ड आयोजित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ राज्य के बलरामपुर जिले से अवधेश कुमार साहू को द्रोणा रत्न बैस्ट प्लेयर अवार्ड 2024 का द्रोणा प्रतीक चिन्ह एवं द्रोणा रत्न प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। यह आयोजन इंडिया स्पोर्ट्स फेडरेशन की ओर से आयोजित किया गया था। इन्हें कराटे (ब्लैक बेल्ट)स्पोटर्स में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान दिया गया हैं जिससे पूरा छत्तीसगढ़ राज्य गौरवान्वित एवं खुसी महसूस कर रहा है। सभी तरफ से शुभकामनाये एवं बधाईया दिये जा रहे है।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने रखी थी आधुनिक भारत और सूचना क्रांति की नींव

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,21 मई 2024 (घटती-घटना)।**



पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 33 वीं पुण्य तिथी पर आज जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली अर्पीत की गयी। राजीव भवन में आयोजित सभा में उनके तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। स्व. राजीव गांधी की हत्या आज ही के दिन वर्ष 1991 में तमिलनाडू के श्री पेरंबूर में आत्मघाती हमले में बम विस्फोट कर की गयी थी। उन्हें भारत के सबसे कम उम्र में प्रधानमंत्री बनने का गौरव प्राप्त है। राजीव भवन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा ने कहा कि आज के आधुनिक भारत और सूचना क्रॉती की नींव स्व0 राजीव गांधी के द्वारा रखी गयी थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि वे दिलों पर राज करते थे। आज देश में हर हाथ में जो मोबाईल मौजूद है वो उनकी देन है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरगुजा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी शशी सिंह ने स्व0 राजीव गांधी ने न केवल देश को पंचायती राज दिया साथ ही महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर राजनीति में महिलाओं का सच्चा सशक्तीकरण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में महापौर डॉ. अजय तिर्की,मो. इस्लाम,सत्येन्द्र तिवारी,रशीदअहमद,अशफाक अलि,अनूप मेहता,जमील खान, चंद्रप्रकाश सिंह,रजनीश सिंह, अविनाश कुमार,नितिश चौरसिया, पंकज शुक्ला,अमित तिवारी,शुभम जायसवाल, मिथुन सिंह, सतवन सिंह, जितेन्द्र साहू, अनिकेत, भावना नेताम, शकीला सिद्धकी, प्रिति सिंह, प्रिति सिन्हा, इंदू राजवाडे, पूनम, रिया दास, मोनिका टोप्पो,नेहा,ईश्वर राजवाडे आदि उपस्थित थे।

### पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्व. उमेश्वर शरण सिंहदेव को श्रद्धांजली दी गयी

सरगुजा जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष स्व0 उमेश्वर शरण सिंहदेव की भी आज पुण्यतिथी थी। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में उन्हें भी श्रद्धांजली दी गयी। वे 2 बार सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे। पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री टी0एस0 सिंहदेव के वे काका लगते थे। उनकी गिनती सरगुजा के उन्नत किसानो उनका गिनती होती थी। वे भारत कृषक समाज के संस्थापक एवं अध्यक्ष रहे। उन्हें सहकारिता के द्वोत्र म राष्ट्रीय स्तर का सहकारिता बंधु पुरस्कार प्राप्त हुआ था। वे लंबे अर्से तक सरगुजा जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष रहे थे।

# एसोसिएटेड प्रेस पर इस्राइल की कार्रवाई,कैमरा और प्रसारण उपकरण जब्त...मीडिया कानूनों के उल्लंघन का आरोप

**जेरुसलम,21 मई 2024।** इस्राइली अधिकारियों ने दक्षिणी इस्राइल में समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (एपी) पर बड़ी कार्रवाई की है। एपी से जुड़ा एक कैमरा और प्रसारण उपकरण जब्त किए गए हैं। आरोप लगाया गया है कि समाचार एजेंसी ने नए मीडिया कानूनों का उल्लंघन किया है। यह भी आरोप है कि एपी ने अल जजीरा को उत्तरी गाजा की तस्वीरें देकर कानून तोड़ा है। बता दें इस्राइल का अल जजीरा के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे भावनाओं को भड़काने के वाला चैनल करार दिया था। अल जजीरा पूरे युद्ध के दौरान गाजा में रहा और इस्राइल पर नरसंहार का आरोप लगाता रहा।

### इस्राइल के अधिकारियों ने की कार्रवाई

इस्राइल में संचार मंत्रालय के अधिकारी मंगलवार दोपहर दक्षिणी शहर सडेरोट पहुंचे। यहा एसोसिएटेड प्रेस के प्रसारण उपकरणों को जब्त कर लिया। मौके पर एपी को इस्राइल के संचार मंत्री श्लोमो करही द्वारा हस्ताक्षर किया हुआ एक पत्र सौंपा गया। पत्र में आरोप लगाया गया कि समाचार एजेंसी ने विदेशी प्रसारक कानून का उल्लंघन किया है। बताया गया है कि उपकरण जब्त करने से पहले एपी द्वारा उत्तरी गाजा का लाइव वीडियो प्रसारित किया जा रहा था। वीडियो में उत्तरी गाजा के ऊपर धुआं उठता हुआ दिखाया गया था। इस्राइल के संचार मंत्रालय का कहना है कि देश की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाले प्रसारणों को सीमित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारियों ने 5 मई को एसोसिएटेड प्रेस के कतर स्थित कार्यालयों को बंद करवा दिया। इसके साथ ही समाचार एजेंसी के उपकरणों को भी जब्त किया गया।

### एपी ने की कार्रवाई की कड़ी निंदा

एपी के कॉर्पोरेट संचार के उपाध्यक्ष लॉरेन ईस्टन का कहना है कि इस्राइल की सरकार ने लाइव फीड को बंद करने और उपकरणों को जब्त करने कार्रवाई की है। उन्होंने इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा 'हम इस्राइली अधिकारियों से हमारे उपकरण वापस करने का आग्रह करते हैं। हमें अपने लाइव फीड को बहाल करने दिया जाए ताकि हम दुनिया भर के हजारों मीडिया संस्थानों को गाजा के महत्वपूर्ण दृश्य प्रदान करना जारी रख सकें।' एपी द्वारा दुनिया में कई चैनलों को वीडियो और खबरें प्रदान की जाती हैं।

बता दें कि इस्राइल पर हमास के हमले में 1200 लोग मारे गए थे। इस दौरान 250 लोगों को बंधक बनाया गया था। इसके बाद से इस्राइल ने भी जवाबी कार्रवाई की और गाजा में युद्ध शुरू हुआ। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार युद्ध में अब तक 35,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।



# इमरान खान को बड़ी राहत,अदालत ने खारिज की पूर्व पीएम को अयोग्य ठहराने की याचिका

**इस्लामाबाद,21 मई 2024।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को बड़ी राहत मिली है। इमरान खान के खिलाफ 2018 के चुनाव में नामांकन के दौरान गलत जानकारी देने के आरोप में उनका नामांकन रद्द करने की मांग को लेकर याचिका दायर की गई थी। अब इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने इमरान खान के खिलाफ दायर इस याचिका को खारिज कर दिया है। पूर्व पीएम इमरान खान के खिलाफ मोहम्मद साजिद नामक याचिकाकर्ता ने याचिका दायर की थी।

### याचिका में लगाए गए थे ये आरोप

याचिका में कहा गया कि 71 वर्षीय इमरान खान ने 2018 के चुनाव के दौरान अपने नामांकन में अपनी कथित बेटी टायरिन के बारे में जानकारी नहीं दी थी।



इमरान खान की पार्टी ने 2018 के चुनाव में जीत दर्ज की थी और उसके बाद इमरान खान ने अगस्त 2018 से लेकर अप्रैल 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में काम किया था। याचिकाकर्ता का आरोप था कि इमरान खान ने अपने नामांकन में गलत जानकारी दी। इमरान ने अपने हलफनामे में सिर्फ अपने दो बेटों का जिक्र किया, लेकिन तीसरी संतान टायरिन का जिक्र नहीं किया।

### नई पीठ ने खारिज की याचिका

इमरान की इस कथित बेटी की देखभाल उनकी पूर्व पत्नी जेमिमा गोल्डस्मिथ ने की। टायरिन की मां सीता व्हाइट ने 27 फरवरी 2004 को अपनी वसीयत में जेमिमा को ही टायरिन की जिम्मेदारी सौंपी थी। उसी साल यानी 2004 में ही सीता की मौत हो गई थी। इमरान खान के खिलाफ मई 2023 से ही लंबित था। दरअसल इस मामले पर सुनवाई कर रही इस्लामाबाद हाईकोर्ट की तीन जजों की पीठ को हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस आमेर फारुख ने भंग कर दिया था। मंगलवार को नई पीठ ने याचिका पर सुनवाई कर उसे खारिज कर दिया।

## सीरिया की प्रथम महिला अस्मा असद को ब्लड कैंसर, डॉक्टर्स ने कहा...गंभीर है बीमारी,एकांतवास में होगा इलाज

**दमिश्क,21 मई 2024।** सीरिया की प्रथम महिला और राष्ट्रपति बशर अल असद की पत्नी अस्मा असद ब्लड कैंसर (ल्यूकेमिया) से जूझ रही हैं। एक खबर के अनुसार सीरियाई राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा इस बात की जानकारी दी गई है। बताया गया है कि अस्मा असद की कई दौर की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान डॉक्टरों की टीम को उनके शरीर में ब्लड कैंसर के लक्षण मिले।

### एकांतवास में किया जाएगा इलाज

मेडिकल जांच में पाया गया कि अस्मा असद गंभीर ब्लड कैंसर से जूझ रहीं हैं। सीरिया के राष्ट्रपति कार्यालय का कहना है कि प्रथम महिला अस्मा असद को आहार में कुछ परहेज करने की सलाह दी गई। आगे कहा गया है कि उचित सामाजिक दूरी बनाकर एकांतवास में प्रथम महिला का इलाज कराया जाएगा। फिलहाल अस्मा असद को किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम या गतिविधि में भाग लेने से मना किया गया है और उनका इलाज जारी रहेगा। इससे पहले वर्ष 2019 में अस्मा असद को स्तन कैंसर हो गया था।



### कौन हैं अस्मा असद ?

मूल रूप से मध्य सीरिया की निवासी अस्मा असद का जन्म लंदन में हुआ था। वह लंदन में ही पली-बढ़ी हैं। उनके पिता लंदन के क्रॉमवेल अस्पताल के डॉक्टर रह चुके हैं। उनकी मां लंदन स्थित सीरियाई दूतावास में सचिव रह चुकी हैं। वर्ष 2000 में उन्होंने बशर अल असद से शादी की थी।



# सहायक ग्रेड 03 निलंबित, पैसों के लेन-देन का मामला

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर, 21 मई 2024**
**(घटती-घटना)।**

हंस कुमार राजवाड़े, सहायक ग्रेड 03

कार्यालय लटोरी एवं वर्तमान में कार्यरत जिला कार्यालय सूरजपुर का सोशल मीडिया में ग्रामीणों का काम करवाने के नाम पर पैसा लेने का मामला (विडियो) प्राप्त हुआ है, श्री हंस कुमार राजवाड़े, सहायक ग्रेड 03 का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम

निहित प्रावधानों का उल्लंघन है।

1965 में हंस कुमार राजवाड़े, सहायक ग्रेड 03 को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय उप तहसील पिलखा निर्धारित किया जाता है। निलंबन अवधि में इन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी ।

मानचित्रकार निलंबित, पैसों के लेनदेन का मामला

सूरजपुर 21 मई 2024/ सुरेश कुमार शुक्ला, मानचित्रकार, कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा जिला सूरजपुर, सोशल मिडिया के वायरल विडियों में नक्शा के नकल हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों में पक्षकारों से पैसों के लेनदेन का मामला प्रकाश में आया है, जो छत्तीसगढ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 3 (एक) (दो ) ( तीन ) के विपरीत होने से सुरेश कुमार शुक्ला, मानचित्रकार को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथ अपील) नियम 1966 के नियम-9 (1) (क) राहत

तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा जिला सूरजपुर में नियत किया जाता है व निलंबन अवधि में इन्हें नियमनानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# रईसी के हाथ लोगों के खून से सने थे,चॉपर हादसे की जांच में ईरान की मदद नहीं करेगा अमेरिका...बताई वजह





**वॉशिंगटन,19 मई 2024।** ईरान की सरकार ने हेलीकॉप्टर क्रैश मामले की जांच करने के लिए अमेरिका से मदद मांगी है। उधर अमेरिका के एक वरिष्ठ राजनयिक का कहना है कि वॉशिंगटन द्वारा इस हादसे की जांच में ईरान की सहायता नहीं की जाएगी। बता दें कि एक दर्दनाक हेलीकॉप्टर हादसे में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और ईरान के विदेश मंत्री समेत छह अन्य लोगों की मौत हो गई थी। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के संभावित उत्तराधिकारी रईसी, विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन और छह अन्य लोग कोहरे में हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद मृत पाए गए थे। दो प्रमुख नेताओं की मौत के बाद मध्य पूर्व में तनाव बढ़ रहा है।

### जांच में मदद नहीं करेगा अमेरिका- मैथ्यू मिलर

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर का कहना है कि ईरान ने इस हादसे की जांच में मदद के लिए अमेरिका से अनुरोध किया था। मिलर ने कहा कि रसद आपूर्ति के कारण अमेरिका इस हादसे की जांच में मदद करने में सक्षम नहीं है। उन्होंने कहा 'मैं पूरी जानकारी तो नहीं दूंगा लेकिन, ईरान की सरकार ने हमसे सहायता मांगी थी। हम सहायता प्रदान करने में सक्षम नहीं हैं।'

### रईसी के हाथ लोगों के खून से सने थे...

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मिलर के अनुसार, अमेरिका ने साफ तौर पर कहा है कि रईसी न लगभग चार दशकों तक ईरान के लोगों का दमन किया। मिलर ने कहा 'एक न्यायाधीश और राष्ट्रपति के रूप में इन तथ्यों को नहीं बदला जा सकता कि रईसी के हाथ खून से सने थे। ईरान के प्रति हमारा दृष्टिकोण नहीं बदलेगा। हम ईरान के लोगों को उनके मानवाधिकारों रक्षा के लिए समर्थन देते रहेंगे।' मिलर ने पूर्व ईरानी विदेश मंत्री मोहम्मद जवाद जरीफ का भी जवाब दिया। जरीफ ने इस घटना के लिए अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को दोषी ठहराया था।

### अमेरिका में तैयार किए गए थे बेल 212 हेलीकॉप्टर

बता दें कि दुर्घटना में बेल 212 हेलीकॉप्टर में सवार सभी आठ लोगों की मौत हो गई, जिसे ईरान ने 2000 के दशक की शुरुआत में खरीदा था।मिलर ने कहा कि 45 साल पुराने हेलीकॉप्टर को खराब मौसम में उड़ाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए ईरान की सरकार ही जिम्मेदार है। बेल हेलीकॉप्टरों का निर्माण संयुक्त राज्य अमेरिका में किया गया था। इसने पहली बार 1968 में उड़ान भरी थी।

# मतगणना को लेकर तैयारी जोरों पर...अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,21 मई 2024**
**(घटती-घटना)।**

जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ नूतन कुमार कंवर ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर कलेक्टर सुनील नायक, एएल ध्रुव, नगर निगम आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



अपर कलेक्टर सुनील नायक ने बैठक में कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु 4 जून को होने वाले मतगणना कार्य के सम्बन्ध में सभी तैयारियां 1 जून तक पूर्ण की जानी है, इसलिए ड्यूटी अनुसार सम्बन्धित अधिकारी मतगणना स्थल पॉलिटेक्निक कॉलेज में सभी व्यवस्था जल्द से जल्द पूर्ण करें। मतगणना स्थल में सुरक्षा की दृष्टि से बिना प्रवेश पत्र के किसी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना कक्ष की वेबकास्टिंग की जाएगी। मतगणना प्रक्रिया सहित पूरी तरह से मतगणना कक्ष, मतगणना परिसर,स्ट्रांग रूम में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की गतिविधि सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में रहेगी। मतगणना स्थल पर मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर इंटरनेट की उचित व्यवस्था हो, इसका विशेष ध्यान रखें एवं विद्युत व्यवस्था भी सुचारू रहे। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि मतगणना केन्द्र में कंप्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर सहित आदि आवश्यकता अनुसार सभी व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित कर लिया जाए। मीडिया के लिए मतगणना स्थल पर मीडिया सेंटर स्थापित किया जाना है, इस हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करें, वहीं मेडिकल इमरजेंसी हेतु कक्ष भी स्थापित किया जाना है। इसके साथ ही अधिकारी-कर्मचारियों हेतु भोजन, पानी, शौचालय की अच्छी व्यवस्था हो इसका ध्यान रखें। आवश्यकतानुसार कुर्सी, टेबल सहित गर्मी को देखते हुए कूलर आदि की उचित व्यवस्था समय से पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि मतगणना की रिपोर्ट समय से उपलब्ध हो, इसके लिए भी संबंधितों द्वारा सभी तैयारी पूर्ण कर ली जाए।

### चक्रवार परिणाम लिखने लगी ड्यूटी

4 जून की सुबह 8 बजे से मतगणना स्थल अम्बिकापुर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतगणना कार्य किया जाना है। जिस हेतु मतगणना के समय मतगणना कक्ष में ब्लैक बोर्ड पर चक्रवार परिणाम लिखने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 9 लुण्ड्रा हेतु शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसा के व्याख्याता कर्ण सिंह जोगी, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर हेतु शासकीय बहुद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर के व्याख्याता अजय सिन्हा, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर हेतु पूर्व माध्यमिक शाला मेण्ड्राकला के शिक्षक मधुसूदन कुशवाहा की ड्यूटी लगाई गई है।

## अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल की बहन श्रीमती कमलेश देवी अग्रवाल का निधन

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 21 मई 2024**
**(घटती-घटना)।**

अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल की बहन श्रीमती कमलेश देवी अग्रवाल का आज आकस्मिक निधन हो गया। रायगढ़ के पार्क एवेन्यू कॉलोनी निवासी श्री सी. एल. अग्रवाल (Ret. C.F.) की धर्मपत्नी श्रीमती कमलेश देवी अग्रवाल 57 वर्ष की थी। वे अपने पीछे एक पुत्र विवेक अग्रवाल और दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल आज अपनी बहन के अंत्येष्टि में शामिल होने रायगढ़ पहुंचे तथा इस मुश्किल घड़ी में उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस भी बंधाया।




CMYK

कोरबा लोकसभा के मंत्री की तस्वीरें









# दूसरे राज्यों के लोकसभा में सरगुजा कोरबा लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सहित नेता पार्टी प्रत्याशी को जिताने के लिए ताकत झोंकने का दावा कर रहे हैं लेकिन अपने लोकसभा में क्या इतनी ताकत दिखाई उन्होंने?

## सरगुजा कोरबा लोकसभा के भाजपा के जनप्रतिनिधि सहित नेता अपने लोकसभा प्रत्याशी के लिए मेहनत करते नहीं दिखे,लेकिन दूसरे राज्यों में जाकर बता रहें हैं की काफी मेहनत कर रहे!

## मंत्री जी ड्रोन किसके लिए लेकर गए थे...ड्रोन से सिर्फ मंत्री जी की तस्वीर सोशल मीडिया में पोस्ट होते रही?

-भूपेन्द्र सिंह-
सरगुजा/कोरबा,21 मई 2024
(घटती-घटना)।

इस समय लोकसभा चुनाव हो रहा है और यह चुनाव अब अंतिम चरण की ओर है अब दिन नतीजे के नजदीक आ रहे हैं पर जो नाटक-नौटंकी देखने को मिल रही है,राजनीतिक पार्टियों की उसे जनता भी देख समझ रही है,पार्टियों के समर्थक को तो अपने प्रत्याशी सोना लग रहे हैं पर क्या जनता के लिए वह सोना बन पाएंगे यह सवाल है? वर्तमान लोकसभा चुनाव की बात की जाए तो छत्तीसगढ़ के सरगुजा कोरबा लोकसभा क्षेत्र में भी भाजपा के प्रत्याशी मैदान में थे और इन लोकसभाओं के सभी विधानसभाओं में लगभग विधायक भाजपा के थे यहां चुनाव भले ही संपन्न हो चुका है पर कुछ तस्वीरें अलग ही बयां कर रहे हैं, जब छत्तीसगढ़ में चुनाव हो रहा था उस समय इन दोनों लोकसभाओं के जनप्रतिनिधि व विधायक अपने लोकसभा के प्रत्याशी के लिए वह ताकत झोंकते नहीं दिखे जो पार्टी को उनसे अपेक्षा थी पर वहीं जब चुनाव संपन्न हो गया और उन लोगों को दूसरे राज्यों में दायित्व दिया गया वहां पर वह सोशल मीडिया से दावा कर रहे हैं कि वहां के लोकसभा प्रत्याशी के लिए वह पूरी ताकत झोंक दिए हैं, वहां के प्रत्याशियों के लिए जमीन पर उतरे हुए हैं, वहां के प्रत्याशियों के लिए वोट मांग रहे हैं जब आपको दूसरे राज्यों के प्रत्याशी के लिए इतनी मेहनत कर सकते हैं तो क्या अपने लोकसभा प्रत्याशी के लिए उन्होंने इतना मेहनत किया यह सवाल है? जिसका जवाब 4 जून को परिणाम के तौर पर मिलेगा।

### प्रचार से ज्यादा घूमने पर विश्वास...सोशल मीडिया के फोटो का दावा

भाजपा के जिन जनप्रतिनिधियों सहित नेताओं को दूसरे राज्यों में प्रचार की जिम्मेदारी मिली है खासकर कोरबा सहित सरगुजा लोकसभा के लोगों का उनका प्रचार में कितना मन लग रहा है यह तो नहीं समझ में आ रहा है लेकिन उनका घूमने में काफी मन लगा हुआ है, नई नई जगह वह देखकर उत्साहित हैं एक तरह से वह पर्यटन के लिए निकले हुए हैं यह उन्ही का सोशल मीडिया दावा कर रहा है। प्रतिदिन भाजपा नेताओं का सोशल मिडिया पोस्ट सरगुजा कोरबा लोकसभा क्षेत्र के नेताओं का देखने को मिल रहा है जो यह बता रहा है की उन्हे तफरी करने प्रतिदिन नई जगह का आनंद मिल रहा है।

### प्रदेश के एक मंत्री तो अन्य राज्य में प्रचार के दौरान लेकर चल रहे ड्रोन कैमरा...प्रचार से ज्यादा अपने भ्रमण की करा रहे वह शूटिंग

प्रदेश के एक मंत्री अन्य राज्य में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी के प्रचार में पहुंचे हैं और वह अपने साथ द्रोण कैमरा भी लेकर पहुंचे हुए हैं वह प्रचार से ज्यादा ड्रोन कैमरा से अपनी शूटिंग कराते ज्यादा नजर आ रहे हैं जिसे प्रतिदिन उनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया जा रहा है। मंत्री जी प्रचार करने गए हैं की अपनी शूटिंग कराने गए हैं यह बड़ा सवाल है। बताया जा रहा है की मंत्री जी का काफिला भी बड़ा है और एक तरह से वह गर्मी की छुट्टी मनाने गए हैं यही समझ में आ रहा है। प्रचार प्रसार पार्टी प्रत्याशी की जीत से ज्यादा वह अपनी शूटिंग कराने में ही व्यस्त हैं ।

### सरगुजा व कोरबा संभाग के जनप्रतिनिधि नेता दूसरे राज्यों के लोकसभा प्रत्याशी को जीत दिला देंगे या फिर अपने लोकसभा के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करा चुके?

सरगुजा और कोरबा लोकसभा क्षेत्र के जिन भाजपा नेताओं को अन्य राज्यों में लोकसभा प्रत्याशियों को जिताने का जिम्मा मिला हुआ है वह क्या अपने जिम्मेदारी वाले लोकसभा सीट के पार्टी उम्मीदवार को जीत दिला सकेंगे यह बड़ा सवाल है वहीं वह अपने लोकसभा प्रत्याशी के लिए कितनी मेहनत करके गए हैं यह भी एक बड़ा प्रश्न है। कोरबा सरगुजा में प्रत्याशियों के जीत की यदि वजह कोई बनेगा तो वह केवल मोदी नाम का सहारा बनेगा जनप्रतिनिधि नेताओं ने सरगुजा और कोरबा लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी के लिए वह मेहनत नहीं की जो उन्हे करना था यह कहना उचित होगा।

सरगुजा लोकसभा के मंत्री की तस्वीरें











# पदोन्नति हेतु बनी वरिष्ठता सूची में व्यापक त्रुटि को लेकर संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा संभाग से मिला छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ प्रतिनिधिमंडल

## वरिष्ठता सूची में पुनः सुधार कर प्रकाशन की प्रतिनिधिमंडल ने की संयुक्त संचालक शिक्षा से मांग



### जल्द जिला शिक्षा अधिकारियों सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की ली जाएगी बैठक जारी किए जाएंगे आवश्यक निर्देश

इस मामले में संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा संभाग संजय गुप्ता ने स्वीकार किया की शिक्षक संघों के द्वारा वरिष्ठता सूची में कई तरह की खामियां बताई गई वहीं उन्होंने यह भी माना की यह त्रुटि विकासखंड स्तर की है क्योंकि शिक्षकों की समस्त जानकारी उन्ही के पास उपलब्ध रहती हैं जहां से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय संकलन कर उसमे आवश्यक सुधार करता है और फिर उसका प्रकाशन करने संबंधित कार्यालय को भेजा जाता है। उन्होंने बताया की इस संबंध में जल्द ही विकासखंड शिक्षा अधिकारियों सहित जिला शिक्षा अधिकारियों की बैठक ली जाएगी और उन्हे त्रुटि रहित वरिष्ठता सूची का प्रकाशन करने आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा की सभी से इस आशय का प्रमाण पत्र लिया जाता है की त्रुटि नहीं है उनके द्वारा उपलब्ध जानकारियों में फिर भी त्रुटि समाने आ रही है जो गम्भीर मामला है।

-संवाददाता-
अंबिकापुर,21 मई 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा संभाग संजय गुप्ता से मुलाकात की और शिक्षक पदोन्नति हेतु जारी वरिष्ठता सूची में व्यापक त्रुटि को लेकर उन्हे उससे अवगत कराकर वरिष्ठता सूची में सुधार की मांग की। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के सरगुजा जिला अध्यक्ष सी पी सोनी के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा से मिला और उन्होंने अपनी बात उनके समक्ष रखी और आवश्यक ज्ञापन सौंप कर उचित कार्यवाही की मांग की। शिक्षक संघ प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा को बताया की प्रधानपाठक माध्यमिक शाला की जो वरिष्ठता सूची 91 पृष्ठ की प्रकाशित है जिसमे कुल 3811 नाम शामिल हैं में से 309 नाम ऐसे प्रधानपाठकों के हैं जो सेवानिवृत हो चुके हैं वहीं यदि मृत प्रधान पाठकों का आंकड़ा ध्यान से जोड़ा जायेगा तो यह संख्या 450 की भी हो सकती है। वहीं शिक्षक संघ ने यह भी अवगत कराया की अन्य शिक्षक संवर्ग मामले में भी वरिष्ठता सूची देखने पर ऐसी ही त्रुटि देखने को मिल रही है जिसके आधार पर पदोन्नति कतई सही नहीं होगी। शिक्षक संघ ने यह भी मांग की है की प्रधानपाठक माध्यमिक शाला से प्राचार्य पद पर होने वाली पदोन्नति में प्रधान पाठक माध्यमिक शाला के कोटे से ही पदोन्नति प्रदान की जाए इस कोटे से व्याख्याताओं को पदोन्नति प्रदान न की जाए। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने 5 बिंदुओं का ज्ञापन सौंप कर मांग रखी गई की वरिष्ठता सूची का प्रकाशन पुनः सुधार कर किया जाए- मांगों में यह भी मांग रखी गई की वरिष्ठता सूची का प्रकाशन पुनः सुधार कर किया जाए और तदुपरांत शिक्षक संघों को एक प्रति उपलब्ध कराई जाए जिससे उसका निरीक्षण कर लिया जा सके और त्रुटि रहित वरिष्ठता सूची बन सके। इस मामले में यह बात समझ में आई की पदोन्नति हेतु जारी वरिष्ठता सूची बनाने के दौरान संबंधित जिम्मेदार लोगों ने ध्यान नहीं दिया और वरिष्ठता सूची आनन फानन में बना दिया गया है। वरिष्ठता सूची के प्रकाशन के उपरांत राज्य स्तर से भी त्रुटि को लेकर बातें समाने आई थी और कई शिक्षक संघों ने यह आरोप लगाया है की पदोन्नति करने की मंशा से वरिष्ठता सूची का प्रकाशन नहीं किया गया है। अब सरगुजा संभाग से भी त्रुटि की बात सामने आने के उपरांत यह तय हो गया की मामला व्यापक त्रुटि का है और शिक्षा विभाग की निचली इकाइयां जो वरिष्ठता सूची को अंतिम रूप प्रदान करने का काम करती हैं जिनके पास शिक्षकों की संपूर्ण जानकारी होती है वह अपना काम ठीक ढंग से नहीं कर रहे है और इसीलिए भारी त्रुटि समाने आ रही है।



# प्रतापपुर ठेकेदार की मनमानी से तरसती ग्रामीणों ने अनुविभागी अधिकारी एवं जनपद पंचायत सीईओ को शिकायत पत्र सौंपा

-संवाददाता-
प्रतापपुर,21 मई 2024
(घटती-घटना)।

जनपद पंचायत प्रतापपुर के ग्राम पंचायत केवरा में नल जल योजना के तहत कार्य कराये जा रहे ठेकेदार द्वारा पुराने टंकी के मेन पाईप एवं सप्लाई के पुराने पाईप को खोदवाने से टूट गया जिसे मरम्मत न कराने तथा नये कनेक्शन हेतु खोदे गये गढ़ढें को फिलिंग नहीं कराने से आये दिन दूर्घटना हो रहा है,। जिस कारण ग्राम केवरा के पानी उपभोक्ताओं को गर्मी के दिनों पीने के पानी हेतु काफी दिक्कत हो रहा है। जिस कारण पुराने पाईप को तत्काल मरम्मत कराते हुए गढ़ढे को फिलिंग कराने के संबंध मे एसडीएम, ललिता भगत एवं जनपद पंचायत सीईओ राधेश्याम मिर्जाअधिकारियों से शिकायत की गई है।

प्रतापपुर ग्राम पंचायत केवरा के अन्तर्गत बनियापारा घुटरापारा, परसोहनडाड,ठठेरपारा,कोरवापारा में पुराने पानी टंकी से पानी का सप्लाई होता था। उक्त टंकी के पानी से पुरे मोहल्ला आश्रित था, क्योंकि उक्त क्षेत्र में पानी का काफी अभाव है, हैण्ड पम्पी से भी पानी नहीं निकलता है। वर्तमान में अनावेदक के द्वारा नल जल योजना के अन्तर्गत नये टंकी से पानी सप्लाई हेतु पानी लगाने के लिए खोदाई कराया गया है, जिससे कई जगह पुराने टंकी में जाने वाले मेन पाईप एवं सप्लाई पाईप टुट एवं फट गया है।

यह कि वर्तमान में नल जल योजना के तहत सप्लाई पाईप कम्पलिट नहीं हो पाया है और न ही कनेक्शन पुरी तरह से हुआ है, जिस कारण ठेकेदार को पुराने टंकी के पाईप को मरम्मत करने हेतु कहे जाने पर नहीं सुना जा रहा है, जिससे गर्मी के दिनों में लोगों को पानी के लिए अन्यत्र जगह एक-दो किलो मीटर से पीने लिए पानी लाना पड़ रहा है। पुराने टंकी से सप्लाई पाईप को खराब किये लगभग 15 दिनों से भी ज्यादा हो गया है. परन्तु ठेकेदार ग्रामवासीयों के बातो को सुना ही नहीं जा रहा है और न ही उनके समास्या का निदान हो रहा है।

यह कि वर्तमान नल जल योजना के तहत पाईप सप्लाई हेतु जो गढ़ढा खोदा गया है उसे भी फिलिंग नहीं किया गया है, जो रोड किनारे होने से आये दिन दूर्घटना होती है. जिससे कई लोगों को काफी क्षति भी हो चुका है, जिसे भी ठेकेदार के द्वारा अनदेखा कर अपने कार्य को बहुत धीमे गति से किया जा रहा है, यहां तक कार्य को भी बन्द कर दिया जाता है। उपरोक्त संबंध में बार बार ग्रामवासियों के द्वारा ठेकेदार को बोला जा रहा है, परन्तु ग्रामवासियों के समस्या को नजर अंदाज कर ठेकेदार हसोया हुआ है। ग्रामवासियों ने समस्या को देखते हुए तत्काल पुराने टंकी में जाने वाले मेन पाईप एवं उपभोक्ताओं के घर में सप्लाई पाईप को जो टुटा एवं फटा है, उसे तत्काल मरम्मत कराए जावे एवं नये टंकी से दिये जा रहे कनेक्शन हेतु खोदे गये गढ़ढा को फिलिंग कार्य को तत्काल किये जाने हेतु ठेकेदार को आदेशित किया जाए अन्यथा ग्रामवासीगण पानी समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन हेते विश्वस हो जाएंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

ज्ञात हो के ठेकेदार की मनमानी एवं दबंगई से ग्रामीण भारी आक्रोश है तथा इस तरह का कार्य करने से लोगों को भारी गर्मी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिससे ग्रामीणों ने कहा कि ठेकेदार के ऊपर कारवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। तथा कार्य में भी ठेकेदार के द्वारा व्यापक भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

इस विषय में जनपद पंचायत सीईओ राधेश्याम ने कहा कि मामला काफी गंभीर है तत्काल कार्रवाई कें लिए अनुमोदन करता हूं। व जांच करवाता हू।

# केतका विद्यालय में समर कैंप का आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर,21 मई 2024
(घटती-घटना)।



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केतका में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है,जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकों के द्वारा तरह-तरह की एक्टिविटी सिखाई जा रही है जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियां शामिल है। समर कैंप का लाभ ग्रामीण इलाकों के बच्चों को मिल रहा है । भीषण गर्मी में बच्चे स्कूल पहुंचकर खेल कूद समेत ड्राइंग,पेंटिंग,हस्तकला और नृत्य सीख रहे हैं । सेहतमंद रहने के लिए योगाभ्यास भी कराया जा रहा है समय कैंप के दौरान छात्रों को पर्यावरण के प्रति भी जागरूक किया गया । बच्चों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया । विद्यालय के छात्र-छात्राएं भी सक्रिय रूप से इस समर कैंप में भाग ले रहे हैं जिससे उनके अभिभावक भी खुश नजर आ रहे हैं ।

# आतंकवाद विरोधी दिवस पर दिलाई गई शपथ

-संवाददाता-
सूरजपुर,21 मई 2024
(घटती-घटना)।



संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि एवं आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय में प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों को आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ दिलाई गई। अधिकारी-कर्मचारियों देश की अंहिसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखने तथा सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने, मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली तथा विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिवानी जायसवाल व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# महादेव पैनल से आईपीएल सट्टा खिलाते 07 अंतर्राज्यीय सटोरिये गिरफ्तार

## 2500000 नकद के साथ गोवा में पुलिस ने किया गिरफ्तार,सटोरियों के विभिन्न बैंक खातों में लगभग 100 करोड़ से अधिक का लेनदेन पाया गया,विवेचना जारी



-संवाददाता-
कोरबा,21 मई 2024
(घटती-घटना)।

जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीना एवं कोरबा पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी सायबर सेल को आई.पी.एल. क्रिकेट मैच 2024 के सीजन में क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खेलने/खिलाने वालों एवं इस कारोबार में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही क्रिकेट सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है।इसी क्रम में थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 273/24 धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7,8 के प्रकरण में एंटी सायबर सेल तथा थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सूचना मिली कि डीडीएम स्कूल के पास सार्वजनिक स्थान पर प्रतीक विधवानी लोगों से ऑनलाइन आईपीएल में सट्टे का दावा लगाने के लिए लोगों से पैसा लेकर उनके दाव लगवा रहा है। पुलिस टीम के द्वारा उक्त स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी प्रतीक विधवानी पिता दयालचंद विधवानी उम्र 36 वर्ष साकिन डीडीएम रोड कोरबा थाना कोतवाली कोरबा को पकड़ा गया उसके कब्जे से मोबाइल फोन मिला आरोपी द्वारा अवैध रूप से मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन आईपीएल में सट्टा खेलने एवं खिलाना मिला। उसके मोबाइल में कई बैंकों के खाते एवं उसके मोबाइल के व्हाट्सएप में ग्रुप बनाकर कई लोगों से पैसे का लेनदेन करते मिला आरोपी से इस संबंध में पूछा गया तो उसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए आईपीएल मैच में सट्टा खिलवाना स्वीकार किया। साइबर सेल टीम के द्वारा आरोपी प्रतीक विधवानी के व्हाट्सएप एवं उसके बैंक खातों का बारीकी से अध्ययन किया गया जिस पर आरोपी के द्वारा कई अलग-अलग बैंक खातों में लगभग 17 करोड रुपए का ट्रांजैक्शन मिला। गिरफ्तार सटोरियों से पूछताछ एवं ऑर्गनाईजेशनल इनपुट में पाया गया कि उनके अन्य साथी गोवा में बैठकर महादेव एप पैनल के माध्यम से सट्टा संचालित कर रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीना के नेतृत्व में टीम का बनाकर गोवा रवाना किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा गोवा पहुंच कर सटोरियों की पतासाजी करते हुए सटोरियों को लोकेट किया गया जो कि गोवा के जयराम नगर उनिया सण्डेंस बिल्डिंग के पास एक अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर ष्ट 406 में रहकर सट्टा खिला रहे थे। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा उसी अपार्टमेंट की रेकी कर रहे थे तथा प्रत्येक व्यक्ति के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे थे पूरे लोगों की उपस्थिति होते ही फ्लैट में रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान फ्लैट में कुल 04 व्यक्ति उपस्थित थे, जो लैपटॉप एवं मोबाईल फोन से सेटअप तैयार कर ऑनलाईन सट्टा संचालित कर रहे थे। सटोरियों से कडाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा आई.पी.एल. क्रिकेट मैच के दौरान महादेव रू 100 आई.डी. पैनल के माध्यम से ऑन लाईन सट्टा का संचालन स्वीकार किया गया। उनके निशानदेही पर एक अन्य गिरोह जयराम नगर एमवव्हीआर बिल्डिंग के अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर क्ल 106 से कुल 03 सटोरियों को पकड़ा गया। उनके द्वारा आई.पी.एल. क्रिकेट मैच के दौरान महादेव रू151 आई.डी. पैनल के माध्यम से सट्टा का संचालन करते मिले सटोरियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर ऑन लाईन सट्टा का संचालन करना स्वीकार किया गया। गोवा के जयराम नगर में उनिया सण्डेंस बिल्डिंग के अपार्टमेंट ष्ट- 406 फ्लैट से 04 सटोरियों एवं एमवव्हीआर बिल्डिंग के अपार्टमेंट फ्लैट नंबर क्ल 106 से 03 को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा संचालन में प्रयुक्त 13 नग लैपटॉप, 48 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 25,00,000/- रूपये तथा 26 नग विभिन्न बैंकों के पास बुक, 14 नग विभिन्न बैंकों के चेक एवं 40 नग ए.टी.एम. कार्ड जप्त कर सटोरियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया था।जिस पर सभी 07 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लैपटॉप 13 नग एवं मोबाईल फोन 44 नग जुमला कीमती लगभग 25,00,000/- रूपये जप्त किया गया। सटोरियों के 26 नग विभिन्न बैंकों के पास बुक, 14 नग विभिन्न बैंकों के चेक एवं 40 नग ए.टी.एम. कार्ड जप्त कर साइबर सेल के द्वारा उसमें जांच किया जा रहा है जांच के दौरान अलग-अलग बैंकों के कुल 84 खातों को होल्ड/फिज कराया गया। उन बैंक खातों में लगभग 100 करोड़ से अधिक का लेनदेन होना पाया गया है क्यों इनमें आगे भी विवेचना जारी है। प्राप्त बैंक खातों को साइबर सेल के माध्यम से डेबिट फ्रिज कराया गया जिन बैंक खातों मे लगभग 30 लॉख रूपये होल्ड कराया गया है। कोरबा पुलिस के द्वारा जांच में पाया गया कि कोरबा जिले के कुछ लोगो द्वारा किराये पर बैंक खातें सटोरियों को उपलब्ध कराये जिनमे 04 लोगो को कोरबा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 कि धारा 08 के तहत् विधिवत् कार्यवाही किया गया।सटोरियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध 273/24 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 07.08 जोडने धारा 420, 120 (बी) भादवि0 एवं 66 (सी) आई.टी. एक्ट का

### गिरफ्तार आरोपी

01 प्रतीक विधवानी पिता दयालचंद विधवानी उम्र 36 वर्ष साकिन डीडीएम रोड कोरबा थाना कोतवाली कोरबा 02 मनीष उदाषी पिता स्व. अमरलाल उदाषी उम्र 36 साल निवासी कटोरा तालाब गली नंबर 3 थाना सिविल लाइन रायपुर। 03 सौरभ नरेश मनुज पिता नरेश मनुज उम्र 22 साल निवासी दयाल नगर सिंधी मोहल्ला वर्धा थाना बाजार चौक जिला वर्धा महाराष्ट्र। 04 मधुर सेवल वलेचा पिता सेवल वलेचा उम्र 22 साल निवासी महादेव घाट रोड सत्य विहार कॉलोनी रायपुर। 05 नारायण कुमार निषाद पिता बहरिकराम निषाद उम्र 23 साल निवासी पार्वती नगर गांधीनगर मुर्रा भट्टी थाना गुढ़ियारी जिला रायपुर।06 कुलदीप सिंह पिता शमशेर सिंह उम्र 22 साल निवासी ग्राम बहू थाना व पोस्ट भट्टू जिला फतेहबाद हरियाणा। 07 टिकेंद्र मांडवी पिता श्री हीरामन लाल मांडवी उम्र 25 वर्ष निवासी पाटन ग्राम बाहरडीह थाना उतई जिला दुर्ग, हाल मुकाम ग्राम बोरसी दुर्ग। 08 दिनेश दीलीप वासवानी पिता दिलीप वासवानी उम्र 30 वर्ष पता तुलसी नगर जरी पटका जिला नागपुर महाराष्ट्र

### खातेदारों के नाम

01. विजय धारी पिता स्व. सुरेन्द्र धारी उम्र 34 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती धनवार पारा कोरबा 02. आदित्य प्रसाद खैरवार पिता सुखनाथ खैरवार उम्र 19 वर्ष निवासी सलियाभाठा करतला जिला कोरबा। 03. मुन्ना खान पिता मो0 सुध्धु उम्र 47 वर्ष निवासी सीतामणी कोरबा। 04. मनीष पाहुजा पिता स्व. राजकुमार पाहुजा उम्र 34 वर्ष निवासी शांतिनगर मुड़ापार कोरबा कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीना (मापुसे.) थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मोतीलाल पटेल, सायबर सेल से प्रभारी सउनि. अजय सोनवानी, लक्ष्मी कुर्रे, प्र. आर. गुनाराम सिन्हा, चंद्रशेखर पांडे, राजेश कुमार, आर. प्रशांत सिंह, रवि चौबे विरकेश्वर प्रताप सिंह, डेमन ओगरे, रितेश शर्मा आलोक टोप्पो, सुशील यादव, म.आर. रेनू टोप्पो की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

# पुलिस पार्टी के साथ हुज़्ज़तबाजी करने वालों के विरुद्ध की गई कठोर कार्यवाही



-संवाददाता-
कोरबा,21 मई 2024
(घटती-घटना)।

विगत दिनांक 19.05.2024-20.05.2024 की दरम्यानी रात पुलिस चौकी सीएसइबी जिला कोरबा में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक महिपाल सिंह अपने हमराह आरक्षक विनोद तिवारी के साथ रात्रि गश्त पर रवाना हुए थे। इस दौरान सूचना मिली की टी पी नगर तिथि आर बी पेट्रोल पंप के समीप कुछ लोग आपस में झगड़ा विवाद कर उपद्रव बाजी कर रहे हैं। उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मौक़े में पहुंच कर देखा गया के तीन व्यक्ति आपस में लड़ झगड़ कर विवाद कर रहे है। जिसपर कार्यवाही करते हुए आरोपी रजत चतुर्वेदी पिता जगदीश चतुर्वेदी निवासी संजय नगर स्टेशन रोड कोरबा को पुलिस गाड़ी में बैठाया जा रहा था कि तभी उसके दोस्त जीत अग्रवाल पिता श्याम सुंदर अग्रवाल निवासी सीतामढ़ी हटरी कोरबा एवं दो अन्य के द्वारा पुलिस पार्टी के साथ झगड़ा विवाद कर गाली गलौज करते हुए मारपीट एवं झूमा झटकी किए जाने लगा। जिसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई जिसमें पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा कठोर से कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसमें प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 302/24 धारा 160 द्बश्च, एवं अपराध क्रमांक 303/24 धारा 353,186, 332, 294,506, 34 द्बश्च क़ायम किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से प्राप्त आदेश के परिपालन में चौकी प्रभारी सीएसईबी एएसआई भीमसेन यादव के द्वारा अपने अधीनस्थ स्टाफ के सहयोग से घटना घटित करने वाले 02 आरोपीगण रजत चतुर्वेदी पिता जगदीश चतुर्वेदी उम्र 23 साल निवासी संजय नगर स्टेशन रोड कोरबा, जीत अग्रवाल पिता श्याम सुंदर अग्रवाल उम्र 20 साल निवासी सीतामढ़ी हटरी थाना कोतवाली कोरबा जिला कोरबा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है साथ ही आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड खंगाले जा रहे। इस कार्यवाही पर पुलिस के द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि शासकीय कार्य में बाधा डालना या हुज्जतबाज़ी करना क़तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आरोपी के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही की जायेगी।



# जन्म दिन के अवसर पर पार्षद ने गरीबों को खिलाया खाना

-संवाददाता-
प्रतापपुर,21 मई 2024 (घटती-घटना)।

नगर पंचायत प्रतापपुर में वार्ड नंबर सात के पार्षद और जीवन ज्योति मेडिकल के संचालक अरविंद जायसवाल ने अपने जन्म दिन के अवसर पर नगर के वार्ड नंबर पंद्रह में कोडाकू समाज के गरीब परिवार के लोगों को पौष्टिक खाना खिलाया। यहां उन्होने बुजुर्गो के पैर धोकर शाल के साथ सम्मान किया और हाथों से मिष्ठान खिलाकर आशीर्वाद लिया। पिछ्ले हफ्ते जन्म दिन पर उन्होंने वार्ड नंबर दो में कार्यक्रम किया था और नगर के अन्य हिस्सों में भी गरीबों के साथ इस तरह के कार्यक्रम करने की बात कही। इस दौरान उनके साथ प्रेमपाल अग्रवाल,नरेंद्र गर्ग, उनकी धर्मपत्नी अंजना जायसवाल,पवन गोयल,विकास गर्ग,अंकुर बंसल,राजेश जायसवाल,अमित सिंघल,पुनीत अग्रवाल,बबली धुर्वे, अजीत तिर्की, सोना मीना पैकरा व अन्य उपस्थित थे।



# समर कैंप में बच्चों को विज्ञान की दुनिया से रूबरू कराने दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण



-संवाददाता-
सूरजपुर,21 मई 2024
(घटती-घटना)।

समग्र शिक्षा सूरजपुर द्वारा कलेक्टर रोहित व्यास एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के निर्देशन और जिला मिशन समन्वयक शशिकांत सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित जिला स्तरीय दस दिवसीय आवासीय पीएम श्री समर कैंप में बच्चों को तकनीकी और विज्ञान की दुनिया से रूबरू कराने के उद्देश्य से दिल्ली की रोबोटेक प्राइवेट लिमिटेड हेड सर्वेश सुमन और उनकी टीम के विशेषज्ञों मुकुल कुमार, पंकज कुमार, और आकाश के समन्वय में पांच दिवस का प्रशिक्षण दिया गया। चर्चा के दौरान? रोबोटेक प्राइवेट लिमिटेड के क्षेत्रीय विपणन हेड आशीष सिंह ने बताया कि? इस तकनीकी प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग देना था, जिससे बच्चे आधुनिक उपकरणों और दृष्टिकोण का प्रयोग करके प्रैक्टिकल प्रशिक्षण का आनंद ले सके। हमारी विशेषज्ञ टीम द्वारा बच्चों को दिया गया प्रशिक्षण विकसित भारत के तहत 21वीं सदी के कौशलों और पाठ्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करेगी और यह छात्रों के लिए समृद्ध और भविष्यक नौकरियों के लिए टीमवर्क, सहयोग, समस्या समाधान, डिज़ाइन सोच, संचार कौशल जैसे कौशलों का विकास करेगा। इस प्रशिक्षण में प्रत्यक्ष रूप से तकनीकी उपकरणों के साथ प्रशिक्षण दिया, जिसमें ईरली सिम्पल और पावर किट,क्यूबो द कोडिंग रोबोट, 3 डी पेन,वर्ल्ड मैप और वीडो 2.0 किट शामिल हैं । इन उपकरणों के माध्यम से बच्चे स्वयं करके सीखा। इस प्रशिक्षण में जिले के सभी विकासखण्ड के पीएम श्री विद्यालयों के कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के बच्चे सम्मिलित हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में सहायक संचालक शिक्षा रविन्द्र सिंह देव, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी दिनेश द्विवेदी, सहायक नोडल अधिकारी सुरविंद गुर्जर,एपीसी शोभनाथ चौबे, बीआरसी सूरजपुर मनोज कुमार मण्डल,सीमांचल त्रिपाठी,हर्षनारायण शर्मा,श्रीमती सुमन वर्मा, गौतम शर्मा, सहदेव राम रवि,सुनैना जायसवाल, नंदकुमार सिंह, रामचन्द्र सोनी, उमाशंकर शर्मा,कुमारी शुभा साहू, श्रीमती कौशल्या सिंह, श्रीमती तनुजा एक्का, कैलाश साहू आदि आफिशियल सक्रिय योगदान दे रहे हैं ।

# शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न





-संवाददाता-
सूरजपुर,21 मई 2024
(घटती-घटना)।

जिला पंचायत सूरजपुर के सभा कक्ष में कलेक्टर श्री रोहित व्यास के अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के मासिक समीक्षा बैठक श्री रामललित पटेल जिला शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिसमें शैक्षणिक सत्र 2023-2024 हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा परिणाम पर चर्चा, शाला संचालन एवं शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की समय पर उपस्थिति पर चर्चा, पालक, शिक्षक, विद्यार्थी मीटिंग पर चर्चा, विषयवार मासिक टेस्ट एवं अंतर विद्यालयीन उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन हेतु निर्देशित किया गया है। आगामी शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु शिक्षा स्तर के साथ ही बोर्ड परीक्षा के परिणाम में सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बोर्ड परीक्षा में कम प्रतिशत वाले विद्यालयों के प्रचार्यो को सुधार हेतु निर्देशित किया गया । इस अवसर पर श्री शशिकांत सिंह जिला परियोजना समन्वयक, श्री रविन्द्र सिंहदेव सहायक संचालक, श्री शरदेन्दु कुमार शुक्ला सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी, समस्त विकास खण्डों के विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी,सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी,बी.आर.सी. एवं समस्त हाई/हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्य गण उपस्थित रहे।

भारतीय स्टेट बैंक
State Bank of India

मुख्य शाखा अम्बिकापुर
सरगुजा,छत्तीसगढ़ (00310)
PH.NO.07774-220302

**नियम-8 कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति)**

स्थ्य जबकि वित्तीय आस्तियों का प्रतिभतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम ( )2022 के अंतर्गत एवं धारा 13(2) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवतन) नियम 2002 के नियम 8 के अधिन प्रदत शक्तियां का प्रयोग करते हुए भारतीय स्टेट बैंक के निम्न हस्ताक्षर कर्ता प्राधिकृत अधिकारियों ने मांग सूचना पत्र जारी किया था जिसमे निम्नलिखित जमानदार को उल्लेखित राशि ब्याज सहित नोटिस की पावती की तारीक से 60 दिनों के भीतर जमा करने के लिये कहा था:-

| क्र | ऋणी सह ऋणी एवं जमानदार का नाम एवं पता | सुरक्षित परिसम्पत्तियों की संपत्ति का पता परिसंपतियों के लिये लागू | धारा 13(2) के तहत नोटिस की तिथि | नोटिस की राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मे0 अग्रवाल टायर्स प्रो0- श्री आनन्द अग्रवाल पिता- श्री रमेश कुमार अग्रवाल उत्तर में हीना खातून, दक्षिण में - खरसिया रोड, पूर्व में कांता देवी का जमीन, पश्चिम में- रींग रोड | सवेक्षण/ शहर या टाउन सर्वेक्ष,जो में नम्बर /खसरा नंबर 4603/16, रकबा 0.016 हे0 भूमि नाम- श्रीमती लिमा देवी पति श्री रमेश कुमार अग्रवाल,नवागढ़ रोड, रींग रोड अम्बिकापुर | 01/03/2024 | 2453288.28 + देय ब्याज एवं अन्य खर्च | 13/05/2024 |

ऋणियों द्वारा राशि भुगतान करने में असफल हो जाने पर ऋणियों को और आम जनता को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त एक्ट की धारा 13(4) के तहत उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधिन निम्न हस्ताक्षर कर्ता ने निम्न वर्णित संपत्तियों को अपने कब्जे में लिया है ऋणियों को विशेष रूप से एवं आम जनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता हैं कि इन संपत्तियों के बावत् किये गये कोई भी व्यहार पर भारतीय स्टेट बैंक के उपरोक्त राशि और उस पर ब्याज के अधिन भार होगा।

**संवैधानिक चेतावनी-** ऋणगृहिता एवं अमानदार इस 30दिनों का बिक्री पूर्व नोटिस समझें।
यदि 30 दिनके अन्दर व्याज बंद नहीं होता हैं तो संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी ।

स्थान-अम्बिकापुर
दिनांक - 21/05/2024

प्राधिकृ अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक
मुख्य शाखा अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार-अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक 202405020700099**

विषय :-ब-121 मामलों की श्रेणी :-
राजस्व सन् :-2023-2024

**बिशुनपुर प.ह.नं. 00019 (हे0)**
**पक्षकार का विवरण -**
**आवेदक पक्षकार-सुबो बाई**
**अनावेदक पक्षकार -छ0ग0 शासन**

**ईश्तहार**

आवेदक सुबो बाई पति दखल राम निवासी ग्राम-विशुनपुरकला तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम-बिशुनपुर स्थित भूमि खसरा नं0 38/4हैं रकबा 0.426 हे0भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।
उक्त संबंधमें जिस किसी व्यक्ति को कोईआपत्ति हो तो पेशी दिनाक 07-06-2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषकके माध्यम से उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15-05-2024 को जारी किया जाता हैं।

सील
तहसीलदार
अम्बिकापुर,सरगुजा

## संक्षिप्त खेल समाचार

### घुटने की सर्जरी के लिए लंदन जाने को तैयार धोनी

**नई दिल्ली,21 मई 2024।** आईपीएल 2024 में चेन्नई सुपर किंग्स प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई. आरसीबी के हाथों मिली हार के साथ ही उसका टूर्नामेंट में सफर खत्म हो गया. हाल ही में माही को रांची में बाइक राइडिंग करते देखा गया था। लेकिन,अब उनके लंदन रवाना होने की खबरों ने सभी को हैरान कर दिया है। रिपोर्ट्स के हवाले से खबर सामने आ रही है कि माही आईपीएल 2024 के बाद लंदन जाकर अपने घुटने की सर्जरी करा सकते हैं। हालांकि, धोनी या उनकी टीम की तरफ से इस खबर की अब तक पुष्टि नहीं हो सकी है।



पिछले काफी वक्त से एमएस धोनी अपने घुटने की इंजरी से जूझ रहे हैं। आईपीएल 2024 में भले ही उन्होंने हर मैच में अपनी टीम का साथ दिया हो, लेकिन कई बार उन्हें लंगड़ाते भी देखा गया। जो इस बात का सबूत है कि माही अभी पूरी तरह से फिट नहीं हैं और मसल टियर से परेशान हैं। रिपोर्ट्स के हवाले से खबर सामने आई है कि, वह इलाज के लिए लंदन जा सकते हैं. बताया जा रहा है कि इलाज के बाद ही धोनी अपने आईपीएल संन्यास को लेकर फैसला भी कर सकते हैं।

### भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने बेल्जियम को हराकर यूरोप दौरे की शानदार शुरूआत की

**एंटवर्प,21 मई 2024।** श्रद्धानंद तिवारी के दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम ने बेल्जियम को पेनल्टी शूटआउट के जरिये हराकर यूरोप दौरे की रोमांचक जीत के साथ शुरूआत की। तिवारी ने तीसरे और 27वें मिनट में गोल किये। निर्धारित समय तक स्कोर 2 . 2 था लेकिन भारत ने पेनल्टी शूटआउट में 4 . 2 से जीत दर्ज की। तिवारी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करके भारत को बढत दिलाई और पहले क्वार्टर तक यह बढत कायम रही। दूसरे क्वार्टर में तिवारी ने 27वें मिनट में एक और पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला। हाफटाइम तक भारत के पास दो गोल की बढत थी। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में ही बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया। चौथे क्वार्टर में भी बेल्जियम ने दबाव बनाये रखा और पेनल्टी कॉर्नर पर बराबरी का गोल दाग दिया। पेनल्टी शूटआउट में भारत के लिये गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने गोल किये। भारतीय गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने दो शानदार गोल बचाकर भारत की जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। भारत को अब बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम से ही खेलना है।



# आरआर और आरसीबी होंगे आमने-सामने

### » राजस्थान रॉयल्स के सामने आरसीबी की कठिन चुनौती




**नई दिल्ली,21 मई 2024।** बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग प्लेऑफ में संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स के सामने आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की कठिन चुनौती होगी जो चमत्कारिक प्रदर्शन करके यहां तक पहुंची है। एक समय पर रॉयल्स का शीर्ष दो में रहना तय लग रहा था लेकिन लगातार चार हार और केकेआर के खिलाफ आखिरी मैच बारिश में धुलने के कारण वह सनराइजर्स हैदराबाद के बाद दूसरे स्थान पर रही।

दूसरी ओर आरसीबी प्लेआफ से बाहर होने की कगार पर पहुंचने के बाद सनसनीखेज तरीके से चौथे स्थान तक पहुंची। पहले आठ में से सात मैच हारने के बाद फाफ डु प्लेसी की टीम ने गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर प्लेआफ में जगह बनाई। रॉयल्स चार हार और एक वर्षाबाधित मैच रद्द होने के बाद यहां पहुंची है तो आरसीबी ने लगातार छह जीत दर्ज करके अपने प्रतिद्वंद्वी के लिये खतरे की घंटी बजा दी है।

आईपीएल के पहले सत्र 2008 की चैम्पियन रॉयल्स कुछ सप्ताह पहले खिताब की सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही थी लेकिन पिछले चार मैचों में उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की कमजोरियां उजागर हुई। जोस बटलर के इंग्लैंड लौट जाने से उसकी बल्लेबाजी पर असर पड़ा है। अब यशस्वी जायसवाल (348 रन), कप्तान सैमसन (504 रन) और रियान पराग (531 रन) को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी।

सैमसन और पराग के अलावा इंग्लैंड के टॉम होलेर कैडमोर से भी अच्छी पारी की उम्मीद होगी जो जायसवाल के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं। शिमरोन हेटमायेर निचले क्रम को मजबूती दे सकते हैं हालांकि अभी तक बल्ले से इस सत्र में कमाल नहीं कर सके हैं। अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम बाकी मैदानों की तरह बल्लेबाजों की ऐशगाह नहीं है लिहाजा यहां रॉयल्स के गेंदबाज उपयोगी साबित हो सकते हैं। इस मैदान पर इस सत्र में 12 पारियों में सिर्फ दो बार 200 से पार का स्कोर बना है यानी अनुशासित गेंदबाजी करने वाली टीम का पलड़ा भारी हो सकता है।

दूसरी ओर आरसीबी के विराट कोहली इस सत्र में 14 मैचों में 708 रन बना चुके हैं और वह ट्रंपकार्ड साबित हो सकते हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी भी फॉर्म में लौट आये हैं जबकि रजत पाटीदार ने भी पांच अर्धशतक जमाये हैं। इंग्लैंड के विल जैक्स के जाने का आरसीबी पर असर नहीं पड़ा है चूंकि निचले क्रम पर दिनेश कार्तिक 195 की स्ट्राइक रेट से अधिक से रन बना रहे हैं। पिछले मैच में यश दयाल ने चेन्नई सुपर किंग्स के महेंद्र सिंह धोनी और रविंद्र जडेजा के सामने बेहतरीन आखिरी ओवर डालकर टीम को जीत दिलाई थी। वह इस लय को कायम रखना चाहेंगे।

**टीमें इस प्रकार हैं...**

**राजस्थान रॉयल्सः-** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नांद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पावेल, टॉम कोहलर-केडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुश कोटियन।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोरः-** फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा मनोज भंडागे, मयंक डागर,विजयकुमार विशाक,आकाश दीप,मोहम्मद सिराज,रीस टॉप्ली,हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्युसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

## हिटमैन रोहित शर्मा के आरोपों पर स्टार स्पोर्ट्स का पलटवार

**नई दिल्ली,21 मई 2024।** रोहित शर्मा और स्टार स्पोर्ट्स के बीच बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा। स्टार स्पोर्ट्स ने भारतीय कप्तान के आरोपों का जवाब देते हुए कहा है कि चैनल ने उनका कोई ऑडियो ना रिकॉर्ड किया है और ना ही उसे चलाया गया है।

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने आईपीएल के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर क्रिकेट जगत में सनसनी मचा दी थी।दरअसल, रोहित का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह मैच से पहले अपने दोस्तों और सहकर्मियों से बात कर रहे थे।इतने में रोहित ने देखा कि कैमरामैन उनकी बातचीत को रिकॉर्ड कर रहा है। रोहित ने उनसे हाथ जोड़कर अपील की कि वह ऑडियो रिकॉर्ड न करें। वीडियो वायरल होने के बाद रोहित ने इसे लेकर स्टार स्पोर्ट्स पर गुस्सा उतारा।रोहित शर्मा ने रविवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, क्रिकेटरों की जिंदगी इतनी दखलंदाजी वाली हो गई है कि कैमरे अब हमारे हर कदम और बातचीत को रिकॉर्ड कर रहे हैं, जो हम अपने दोस्तों और सहकर्मियों के साथ प्रशिक्षण के दौरान या मैच के दिनों में एकांत में कर रहे हैं।



हिटमैन ने आगे लिखा, जबकि, स्टार स्पोर्ट्स से भी कहा था कि बातचीत को रिकॉर्ड ना करें, उसके बावजूद उन्होंने किया और ऑन एयर भी कर दिया, जो गोपनीयता का उल्लंघन है। एक्सक्लूसिव कंटेंट पाने और सिर्फ व्यूज पाने के अलावा इंगेजमेंट पर फोकस करना एक दिन फैन्स, क्रिकेटर्स और क्रिकेट के बीच विश्?वास खो देगा। स्टार स्पोर्ट्स ने रोहित शर्मा को जवाब देते हुए कहा, रोहित शर्मा की बातचीत की क्लिप 16 मई, वानखेड़े स्टेडियम की है। उस वीडियो में रोहित शर्मा अपने दोस्तों के साथ बातचीत कर रहे थे। हमने उस क्लिप का कोई ऑडियो और कोई बातचीत ना तो रिकॉर्ड की और ना ही उसे प्रसारित किया। उस वीडियो का इस्तेमाल सिर्फ प्री-शो के लिए हुआ था, लेकिन, उसमें कोई ऑडियो रिकॉर्ड नहीं था। इसके अलावा चैनल ने कहा कि वह खिलाड़ियों की गोपनीयता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।रोहित शर्मा ने ट्रेनिंग ग्राउंड पर स्टार स्पोर्ट्स के कैमरामैन से कहा, भाई यार ऑडियो बंद कर भाई, एक ऑडियो ने मेरी वाट लगा दी है, जिसे बाद में स्टार स्पोर्ट्स ने ऑन एयर भी दिखाया।रोहित की निजी बातचीत रिकॉर्ड होने की यह एकमात्र घटना नहीं है, क्योंकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच से पहले हिटमैन और केकेआर के सहायक कोच अभिषेक नायर के बीच की बातचीत को पोस्ट करके एक बड़ा विवाद पैदा कर दिया था। हालांकि, अब इस वीडियो को केकेआर फ्रेंचाइजी ने हटा दिया है।

## विराट कोहली के प्लेऑफ रिकॉर्ड ने बढ़ाई आरसीबी की टेंशन

**नई दिल्ली,21 मई 2024।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु ने आईपीएल 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। उस मैच को जीतने वाली टीम आगे बढ़ेगी और हारने वाली टीम के लिए ये सीजन यहीं खत्म हो जाएगा। लेकिन, इस नॉकआउट मैच से पहले विराट कोहली के आंकड़ों पर नजर डाल लेते हैं, जो इस वक्त आरसीबी की चिंता बढ़ा रहे हैं। बता दें, विराट ने आईपीएल 2024 में अब तक खेले गए खेले गए 14 लीग मैचों में 144.60 की स्ट्राइक रेट और 64 के औसत से 708 रन बनाए हैं।



इस बात में कोई शक नहीं है कि जब तक विराट कोहली मैदान पर रहते हैं, तब तक चाहें टीम कितनी भी बुरी स्थिति में क्यों ना हो, उसके जीतने के पूरे चांसेस रहते हैं। अब प्लेऑफ में भी आरसीबी को अपने पूर्व कप्तान किंग कोहली से यही उम्मीद होगी. लेकिन, यदि आप कोहली के प्लेऑफ रिकॉर्ड्स पर नजर डालें, तो वह कुछ खास नहीं हैं। रन मशीन विराट ने अब तक आईपीएल में कुल 14 प्लेऑफ मैचों में हिस्सा लिया है। इन 14 मैचों के दौरान उन्होंने 25.66 के औसत और 120.31 की स्ट्राइक रेट से 308 रन बनाए हैं। इस दौरान कोहली का हाइएस्ट स्कोर 70 रनों का है. किंग कोहली के बल्ले से 2 अर्धशतक निकले हैं। विराट कोहली का अब तक का आईपीएल करियर शानदार रहा है। वह इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं और भी अनगिनत रिकॉर्ड्स उनके नाम पर दर्ज हैं। कोहली ने अब तक 251 मुकाबले खेले हैं, जिसमें 131.95 की स्ट्राइक रेट और 38.69 के औसत से 7971 रन बनाए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 8 शतक और 55 अर्धशतक निकले हैं।

## संजय लीला भंसाली ने आलिया भट्ट और सलमान खान के साथ साहिर लुधियानवी की बायोपिक इंशाल्लाह बनाने पर खुलकर बात की




फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली ने अपनी एक बार घोषित परियोजनाओं, साहिर लुधियानवी की बायोपिक और इंशाल्लाह के फिल्मांकन के बारे में बात की है। पिंकविला से बात करते हुए, भंसाली ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि मैं क्या बनाऊंगा, कब बनाऊंगा। उन्होंने कहा कि यह फिल्म निर्माता की आंतरिक पुकार के बारे में है जो गहराई से आती है।

### भंसाली ने साहिर लुधियानवी की बायोपिक इंशाअल्लाह के बारे में बात की

भंसाली ने कहा,अब,जैसे ही चौथा,पांचवां और छठा सामने आएगा, आपको पता चल जाएगा,अभी,मैं बोल नहीं सकता। मैं वास्तव में नहीं जानता कि मैं क्या बनाऊंगा,कब बनाऊंगा। यह एक बहुत ही सहज निर्णय है कि मैं गंगूबाई बनाऊंगा, और अचानक, मैं स्क्रिप्ट डालता हूं और कहता हूं, राम लीला, तो मैं अचानक इंशाल्लाह बनाऊंगा। मुझे लगता है कि यह फिल्म निर्माता की आंतरिक पुकार के बारे में है, वह आंतरिक पुकार जो अंदर से आती है कि ये बनाओ।

उन्होंने आगे कहा, तब मैं प्रोजेक्ट पर पूरी तरह से काम करता हूं, फिर मैं फिल्म में हूं, और मैं इसे ऐसे बना रहा हूं जैसे यह मैं हूं, मेरी आत्मा को जीवित रहना है, हम किसम की (उस तरह की) प्रतिबद्धता! यह हर चीज के साथ है, इसलिए मैं इस पर फिल्म नहीं बना सकता क्योंकि यह कागज पर अच्छी लगती है या इसकी कास्ट अच्छी है, फिल्म बनाने के लिए इसे अंदर से आना होगा, इसलिए मैं क्या बनाऊंगा मुझे नहीं पता।

### हाल ही में हीरामंडी के बारे में क्या कहा भंसाली ने

अपनी यात्रा पर विचार करते हुए, भंसाली ने बचपन में एक फिल्म स्टूडियो की यात्रा के बारे में बात की, जिससे कहानी कहने के प्रति उनका जुनून जगमगा उठा। उन्होंने कहा मैं इसे 18 साल पहले बनाना चाहता था। तब मैंने सोचा कि एक और फिल्म बनाई जाएगी, फिर एक और फिल्म बनाई जाएगी। लेकिन यह हमेशा मेरी सूची में था कि इसे एक दिन बनाना है। हर फिल्म के बाद, हीरामंडी समाचार एजेंसी एएनआई ने उनके हवाले से कहा, बाहर आ जाएगा, और मैं एक बार फिर कहूंगा, रुकिए, यह बहुत विशाल है। उन्होंने कहा कि यह बहुत महाकाव्य है...इतना महाकाव्य कि इसे दो या ढाई घंटे में नहीं बनाया जा सकता। फिर हमने सोचा कि हम इसे दो भागों में बनाएंगे। एक श्रृंखला बनाना मुश्किल है, लेकिन हमने इसे बनाया है, और मैं मैंने इसका आनंद लिया। मैं खुश हूं और भगवान का शुक्रगुजार हूं कि हमने इसे 14 साल की योजना, 18 साल तक जीने और दो साल तक डिजाइन करने में बिताया, इसलिए इसमें काफी मेहनत हुई है।

### भंसाली का हालिया प्रोजेक्ट

**हाल ही में भंसाली ने हीरामंडीः-** द डायमंड बाजार से ओटीटी जगत में डेब्यू किया। वेश्याओं और उनके संरक्षकों की कहानियों के माध्यम से, सीरीज हीरामंडी की सांस्कृतिक वास्तविकता को गहराई से उजागर करती है। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ताहा शाह बदुशा, शेखर सुमन और अध्ययन सुमन हैं। हीरामंडी नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग कर रही है।

उन्होंने हाल ही में आलिया भट्ट, विक्की कौशल और रणबीर कपूर के साथ लव एंड वॉर की घोषणा की।



## विक्रांत मैसी कॉमेडी मनोरंजन और अराजकता का वादा

ब्लैकआउट टीज़र- विक्रांत मैसी की क्राइम-थ्रिलर कॉमेडी मनोरंजन और अराजकता का वादा करती है; रिलीज की तारीख, ओटीटी प्लेटफॉर्म, कास्ट और बहुत कुछ जांचें ब्लैकआउट टीज़र बॉलीवुड के सदाबहार स्टार अनिल कपूर ने 21 मई को विक्रांत मैसी की आगामी फिल्म का टीज़र जारी किया। क्राइम-थ्रिलर कॉमेडी दर्शकों को अंत तक बांधे रखने का वादा करती है, जैसा कि इसके 1 मिनट के टीज़र में दिखाया गया है। ब्लैकआउट टीज़र- विक्रांत मैसी अभिनीत बहुप्रतीक्षित क्राइम-थ्रिलर-कॉमेडी ब्लैकआउट का टीज़र बॉलीवुड आइकन अनिल कपूर द्वारा जारी किया गया है। 11:11 प्रोडक्शंस के सहयोग से जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत यह फिल्म एक दिलचस्प घड़ी होने का वादा करती है, जिसमें मौनी रॉय और सुनील ग्रोवर सहित कई शानदार कलाकार शामिल हैं।



## मां बनने वाली है कैटरीना कैफ

### लंदन से सामने आयी वीडियो से हुआ खुलासा? एक्ट्रेस ओवरसाइज कोट में टहलते हुए दिखी

हम बात कर रहे हैं कैटरीना कैफ की, जो अपने पति विक्की कौशल के साथ लंदन में हैं। दोनों ने इस हफ्ते शुरुआत में विक्की का जन्मदिन मनाया। खैर चुनाव के दिन दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। सड़क के उस पार से शूट किए गए क्लिप में, 2021 में शादी करने वाले जोड़े को एक साथ चलते देखा जा सकता है। हालाँकि, इस क्लिप में प्रशंसकों की दिलचस्पी जिस चीज़ ने बढ़ाई है, वह है कैट की चाल में बदलाव और ऊपर से उनका बड़ा कोट। इंटरनेट यूजर्स अब अनुमान लगा रहे हैं कि एक्ट्रेस गर्भवती हैं और मीडिया के ध्यान से बचने के लिए वह देश से बाहर है।

वीडियो के सामने आने के बाद टिप्पणी अनुभाग में, एक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने बताया, ÷कैटरीना और उनका चीजों को निजी रखना पसंद है। वह दीपिका से भी ज्यादा गर्भवती लगती है, यानी उनकी डिलीवरी समय से पहले होगी। हो सकता है कि वह पैपराजी से छिपने के लिए लंदन गई हों। वह गर्भवती दिखती है और चलने की चाल से यह पता चलता है÷, जबकि दूसरे ने लिखा ÷वह ऐसे चल रही है जैसे वह गर्भवती हो।÷ एक अन्य प्रशंसक ने टिप्पणी कि ÷मुझे लगता है कि वह गर्भवती है।

यह पहली बार नहीं है कि कैटरीना और विक्की प्रेग्नेंसी की अफवाहों के कारण खबरों में हैं। इस साल की शुरुआत में जामनगर में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन की उनकी तस्वीरों ने भी इसी तरह की चर्चा जगाई थी। खैर, अगर ये अटकलें सच हैं, तो हम इस प्यारे जोड़े को शुभकामनाएं देते हैं कि वे एक साथ माता-पिता बनने की रोमांचक यात्रा पर निकलें!

## खूबसूरती के साथ दमदार अंदाज इस एक्ट्रेस के

बॉलीवुड में डेब्यू कुछ इस अंदाज में करने जा रही हैं निमृत कौर अहलूवालिया

**फिल्म एलएसडी 2 छोड़ने की बताई वजह!**

टीवी एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं।एक्ट्रेस ने अपनी पहली फिल्म के रूप में एक थ्रिलर ड्रामा साइन किया है। उन्होंने कहा, मैंने इस अवसर का इस एक साल से नहीं बल्कि पिछले छह साल से इंतजार किया है। जब आप मुंबई आते हैं तो आपका सपना किसी फिल्म में हीरोइन बनने का होता है। मैं अजय राय (निर्माता) सर से मिली और वह नए लोगों को अवसर देने के लिए जाने जाते हैं। हमारी पहली मुलाकात के बाद उन्हें लगा कि मैं ऑडिशन के लिए बिल्कुल उपयुक्त हूं। फिर ऑडिशन की एक लंबी प्रक्रिया शुरू हुई जो कुछ समय तक चली और आखिरकार, मुझे भूमिका मिल गई।

उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म के बारे में बात करते हुए आगे बताया कि फिल्म वर्तमान में प्री-प्रोडक्शन चरण में है। उन्होंने कहा कि मैं सितंबर में फिल्म की शूटिंग शुरू करूंगी। खतरों के खिलाड़ी में अपने कार्यकाल के बाद, मैं भूमिका के लिए अपनी तैयारी शुरू करने की योजना बना रही हूं।

29 वर्षीय निमृत कौर अहलूवालिया फिल्म निर्माता दिबाकर बनर्जी की फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 (एलएसडी 2) से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाली थीं। फिल्म की घोषणा बिग बॉस के दौरान की गई थी, हालांकि यह सफल नहीं हो पाई। इस मामले पर पहली बार चुप्पी तोड़ते हुए एक्ट्रेस ने खुलासा किया, ÷जब मैं घर से बाहर आयी, तो मुझे अपने लिए कुछ समय चाहिए था। यह पहचानने में बहुत साहस लगा कि जब मैं फिल्म सेट में प्रवेश करती हूं तो मैं बेहतर ढंग से सुसज्जित होना चाहती हूं। यह निर्णय लेना आसान नहीं था क्योंकि यही वह क्षण था जिसका हर कोई इंतजार कर रहा था। लेकिन मैं इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ संस्करण नहीं बना पाती, इस मामले में कि मैं कैसी दिखती हूं और मेरे सिर पर जगह कहां है। एक बाहरी व्यक्ति होने के नाते, मुझे पता है कि मुझे ज्यादा मौके नहीं मिलेंगे। मैं बहुत अधिक चूक बर्दाश्त नहीं कर सकती। निमृत ने बताया कि उन्होंने बिग बॉस 16 के घर से बाहर आकर कुछ को और ग्रूम करने पर ध्यान दिया।

### एलएसडी 2 के निर्माता संग कोई मनमुटाव नहीं!

अभिनेत्री ने कहा कि उनके और एलएसडी 2 के निर्माताओं के बीच कोई मनमुटाव नहीं है। निमृत कौर ने कहा कि यह बहुत ही आपसी और सौहार्दपूर्ण नोट पर समाप्त हुआ। कोई प्रश्न नहीं पूछा गया और मैं वास्तव में इसके लिए टीम की सराहना और सम्मान करती हूं। उस प्रोजेक्ट से जुड़ा हर व्यक्ति अद्भुत था। यह बहुत सहज था।÷

### निमृत कौर अहलूवालिया ने घटाया वजन

निमृत कौर अहलूवालिया में हाल ही में शारीरिक परिवर्तन भी किया है।उन्होंने अपना फैट घटाने को लेकर भी कई चीजें साझा की। उन्होंने कहा कि मैं अपने रियलिटी शो के दौरान अपनी सर्वश्रेष्ठ शारीरिक और मानसिक स्थिति में नहीं था। मुझे एहसास हुआ कि लोग बिल्कुल भूल गए हैं कि उन्होंने मेरा एक फिट संस्करण देखा है। निमृत की यह नई छवि एक निश्चित तरीके से दिख रही थी, और इससे पहले किसी ने भी मुझे याद नहीं किया था। ऐसा लग रहा था जैसे हर किसी को विश्वास था कि मैं हमेशा इसी आकार की थी। लेकिन वह वास्तव में मैं नहीं थी। वह कहती हैं, ऐसे लोगों का एक समूह था जो थोड़े निर्दयी थे और मुझ पर हमला करने के लिए हमेशा तैयार रहते थे। मैं अच्छा महसूस करना चाहती थी और जो मैं वास्तव में हूं वही वापस आना चाहती थी, और खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से सुधारने में बहुत समय लगा। लेकिन आज, मैंने जो काम किया है, उसके लिए मुझे खुद पर बहुत गर्व महसूस होता है।



# एक ही चिता पर एक साथ जले 17 शव

» गृहमंत्री विजय शर्मा रहे मौजूद...

» 19 मृतकों के परिजन को 5-5 लाख...

» घायलों को 50 हजार मुआवजा...

**कवर्धा,21 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा में हुए हादसे में मारे गए 19 लोगों के शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। 17 लोगों का तो एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। 17 चिताएं जब एक साथ जलीं तो माहौल गमगीन हो गया। वहीं,दो महिलाओं के शवों का अंतिम संस्कार उनकी ससुराल में किया गया। इस दौरान डिप्टी सीएम विजय शर्मा और पंडरिया विधायक भावना बोहरा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

हादसे में मृतकों के परिजन को प्रदेश सरकार 5-5 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार का मुआवजा देगी। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार मृतकों के परिजनों के साथ है। घायलों को इलाज की अच्छी सुविधा मिले, यह हम देख रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा उस गांव भी गए, जहां के ग्रामीण इस हादसे में मारे गए हैं। परिजन से मिलकर शर्मा ने उन्हें सांत्वना दी। दरअसल, 20 मई को तेज रफ्तार पिकअप पलटकर 20 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया था। हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई, 7 से ज्यादा लोग घायल हुए। हादसा कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी गांव के पास हुआ है।

स्क्रअभिषेक पल्लव के मुताबिक मरने वालों में 18 महिलाएं शामिल हैं। इनमें मां-बेटी सहित 3 बच्चियां भी हैं। घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। हादसे के दौरान पिकअप में 25 लोग सवार थे। सभी लोग तेंदूपत्ता तोड़कर गांव लौट रहे थे। हादसा इतना जबरदस्त था कि 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के दावों से उलट ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के समय पिकअप में 30 से 35 लोग सवार थे। ब्रेक फेल होने से हादसे की आशंका है। हादसे के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह,सीएम विष्णु देव साय, पूर्व सीएम भूपेश बघेल और पीसीसी चीफ दीपक बैज समेत कई नेताओं ने दुख जताया है।

## मुख्यमंत्री बोले-दोबारा ऐसा न हो...

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घटना पर शोक जताते हुए कहा-हादसे का शिकार



लोगों को यह राशि सहायता और बीमा से मिलने वाली राशि के अतिरिक्त है। प्रशासन को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि सड़क सुरक्षा के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरती जाए। ऐसे हादसे रोकने के लिए हर संभव उपाय हों, ताकि दोबारा ऐसे हादसे न हों।



## बिलखते घर वालों से मिले डिप्टी सीएम विजय शर्मा



रायपुर में अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर डिप्टी सीएम विजय शर्मा कवर्धा पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने पंडरिया जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। इसके बाद वे हादसे में मरने वाले लोगों के गांव सेमरहा गए और उनके परिजन से मिले। सभी मृतक एक ही गांव के रहने वाले थे।

## भूपेश बघेल बोले-बीमा योजना को सरकार ने बंद कर दिया है...



अस्पताल में इलाज करवा रहे घायलों से मिलने प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी पहुंचे। वे मृतकों के गांव जाकर परिजन से भी मिले। उन्होंने कहा ये बेहद दुखद हादसा है। अस्पताल में सभी को अच्छा इलाज मिले, ये मैंने अधिकारियों से कहा है। शहीद महेंद्र कर्मा बीमा योजना तेंदूपत्ता श्रमिकों के लिए थी, जिसे सरकार ने बंद कर दिया है। हादसे का शिकार लोगों को अब सरकारी मुआवजा ही मिलेगा।

## संक्षिप्त खबर

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने दिए निर्देश

» मतगणना केंद्रों में लोकसभा प्रत्याशियों को उपलब्ध कराया जाएगा कैल्कुलेटर

**रायपुर,21 मई 2024(ए)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन



अधिकारियों को मतगणना के दिन मतगणना केंद्रों में पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं और मतगणना अभिकर्ताओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मतगणना हॉल के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता को एक-एक एनालॉग केल्कुलेटर प्रदान करने की व्यवस्था करने को कहा है।

### अब शौचालयों का सत्यापन करेंगे स्कूलों के शिक्षक



**रायपुर, 21 मई 2024(ए)।** पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ अब गुरुजी शौचालयों का भी सत्यापन करेंगे। लेकिन इस फैसले से शिक्षक नाराज बताएं जा रहे है। उनका कहना है कि अब शिक्षकों को दीगर कार्यों में झोंका जा रहा है। ऐसे-ऐसे कार्य उन्हें संपादित करने कहा जा रहा है, जो उनकी गरिमा के अनुरूप नहीं है। शिक्षकों का कहना है कि समाज में सर्वाधिक प्रतिष्ठित माने जाने वाले शिक्षकों को शौचालय के कार्यों की जिम्मेदारी दी जा रही है। यह कार्य उनके विभाग का है ही नहीं। अन्य विभागों के कार्यों को शिक्षकों को जबरदस्ती थोपा जा रहा है।धमधा विकासखंड अंतर्गत शौचालय सत्यापन के लिए थोक में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। यह भी पता चला है कि यह कार्य जिला पंचायत के अधीन है, जिसे पंचायत स्तर पर सचिव,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता या अन्य अधिकारी कर्मचारी करते रहे हैं।

## 3 करोड़ 13 लाख का गबन,11 अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज

**गरियाबंद,21 मई 2024 (ए)।** नियम विरुद्ध तरीके से करोड़ों रुपए आहरण के मामले में पुलिस ने तीन जिलों के कोषालय अधिकारियों समेत 11 कर्मियों पर अपराध दर्ज किया है। मामला स्वास्थ्य विभाग से जुटा है। 60 कर्मियों के नाम से सरकारी खजाने से गलत तरीके से एरियर्स, इंक्रीमेंट व बोनस का फर्जी बिल तैयार कर 3 करोड़ 13 लाख रुपए से अधिक की रकम का गबन किया गया। रिपोर्ट आने के दो साल बाद एफआईआर दर्ज करने की गई है। मामला मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़ा है। यहां 2016-17 से 2019ङ्क20 के बीच 60 कर्मियों के नाम से सरकारी खजाने से 3 करोड़ 13 लाख 43 हजार 971 रूपये का गलत तरीके से आहरण कर बंदरबाट कर लिया गया। तत्कालीन बीएमओ केके नेगी ने तत्कालीन जिला कोषालय अधिकारियों के साथ मिलकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनपुर में पदस्थ 60 कर्मियों के नाम से एरियर्स, इंक्रीमेंट, अतिरिक्त वेतन के नाम से बोगस फाइल तैयार कर इस पूरे आहरण को अंजाम दिया गया।



बीएमओ के द्वारा खुद प्रमाणित कर बिलों को कोषालय भेजा जाता था। फिर कोष अधिकारी बिना सत्यापन के बिलों का भुगतान कर देते थे। इसके बाद ज्यादातर कर्मियों के भुगतान उनके खातों की बजाय खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बताए गए पंजाब नेशनल बैंक के निजी खाते में भेजा जाता था। जिन कर्मियों के खाते में सीधा भुगतान चला जाता था, उन्हें गलती से भुगतान होना बता रूपये वापस मांग लिए जाते थे। 3 साल में 3 करोड़ 13 लाख 40 हजार 971 रुपए इस तरह से आहरण किया गया। जिला प्रशासन द्वारा इसके जांच के लिए बीएमओ डॉक्टर सुनील भारती और तत्कालीन एडीएम से चौरसिया से जांच करवाया। गड़बड़ियों की पुष्टि होने पर एडीएम जू चौरसिया ने 2022 में जांच रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंप दिया। एडीएम ने अपने प्रतिवेदन में बताया है कि बीएमओ के द्वारा बोगस तरीके से निकल गई रकम कोषालय में मौजूद जीरो बजट से आहरण किए जा रहे थे जिसमें कोषालय अधिकारियों की पूरी भूमिका थी।

## प्रदेश में खुलेंगे 14 नए बीएड कॉलेज,मिली मंजूरी

**रायपुर, 21 मई 2024(ए)।** प्रदेश में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से प्रदेश में 14 नए बीएड महाविद्यालय खोले जाएंगे। इन नए बीएड महाविद्यालयों में सिर्फ 4 वर्षीय पाठ्यक्रमों का ही संचालन होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम को बंद किया जाना है।इसके स्थान पर चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड पाठ्यक्रम शुरू होगा। इसके अंतर्गत बीए-बीएड, बीएससी-बीएड तथा बीकॉम-बीएड का संचालन किया जाना है। छात्र इसमें 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद सीधे प्रवेश ले सकेंगे। सूत्रों के अनुसार, चार वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए नए कॉलेज खोलने आवेदन उन्हीं महाविद्यालयों द्वारा किया गया है, जहां पहले से ही दो वर्षीय बीएड कोर्स संचालित हैं।यहां बारहवीं के बाद छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। बीएससी-बीएड में विज्ञान और गणित संकाय के छात्र दाखिला ले सकेंगे। इसी तरह से बीकॉम-बीएड में कॉमर्स संकाय के छात्र दाखिला लेंगे। बीए- बीएड में कला संकाय के साथ ही अन्य संकाय के छात्रों को भी प्रवेश दिया जाएगा। अनुमति के लिए आवेदन करने वाले निजी महाविद्यालयों के अतिरिक्त पं. रविशंकर शुक्ल विवि में भी मौजूदा शैक्षणिक सत्र से चार वर्षीय



इंटीग्रेटेड बीएड पाठ्यक्रम की शुरुआत की जा रही है।प्रदेश में बीएड के 135 महाविद्यालय हैं। इनमें मात्र चार ही शासकीय हैं, जो रायपुर,बिलासपुर, जगदलपुर और कांकेर में स्थित है। वर्तमान में बीएड की प्रदेश में 14 हजार 600 सीटें हैं। यहां दो वर्षीय बीएड के साथ डीएलएड का संचालन हो रहा है। प्राइवेट बीएड कॉलेज एसोसिएशन के संयोजन राजीव गुप्ता के अनुसार, जिन नए महाविद्यालयों ने मान्यता के लिए आवेदन किया है वहां शुरुआत में 100% मिलने की उम्मीद है। शासन स्तर पर एनओसी मिलने के बाद राष्ट्रीय अध्यापक परिषद द्वारा कॉलेजों को संबद्धता प्रदान की जाएगी। सत्र 2024-25 से ही इसकी शुरुआत होने की उम्मीद है।

## छत्तीसगढ़ के कई आईएएस अफसरों को अहम जिम्मेदारी

**रायपुर, 21 मई 2024(ए)।**लोकसभा चुनाव देश में चल रहा है। पांच चरणों की वोटिंग हो चुकी है, आखिरी के दो चरणों की वोटिंग होनी है। लिहाजा चुनाव आयोग अब मतगणना की तैयारी में पूरी तरह से जुट गया है। 4 जून को मतगणना पूरे देश में एक साथ कराई जाएगी, लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव भी कई राज्यों में हुए हैं, लिहाजा सभी की काउंटिंग एक साथ होगी। लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर भी राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को ऑब्जर्वर बनाया गया है। छत्तीसगढ़ के भी 50 से ज्यादा अधिकारी कर्मचारी मतगणना के दौरान देश के अलग-अलग राज्यों में पर्यवेक्षक बनकर निगरानी करेंगे। जिस अधिकारियों को मतगणना में ऑब्जर्वर बनाया गया है, उनमें अविनाश चंपावत को नागालैंड, सीआर प्रसन्ना को उत्तरप्रदेश, भीम सिंह को दिल्ली, डॉ प्रियंका शुक्ला को तेलंगाना, कुलदीप शर्मा को बिहार, विनीत नंदनवार को हिमाचल प्रदेश, संजीव झा को महाराष्ट्र में ऑब्जर्वर बनाया गया है। ये है प्रयवेक्षकों के नाम भीम सिंह दिल्ली टोपेश्वर वर्मा तमिलनाडु कुलदीप शर्मा बिहार तारण प्रकाश सिन्हा गुजरात राजेंद्र कुमार कटारा गुजरात डोमन सिंह कर्नाटक विनीत नंदनवार हिमाचल प्रदेश प्रियंका शुक्ला तेलंगाना जनक पाठक, उत्तरप्रदेश सीआर प्रसन्ना, उत्तरप्रदेश दीपक सोनी राजथान सारांश मित्तर राजथान पदुम सिंह एल्मा ओडिशा सर्वेश भूरे आंध्र प्रदेश आभा तिवारी उत्तराखंड केडी कुजाम झारखंड सिली थॉमस उत्तरप्रदेश रुचि शर्मा उत्तरप्रदेश भारती चंद्राकर उत्तरप्रदेश उज्जवल पोरवाल तमिलनाडु एनएन एक्का तमिलनाडु योगेंद्र श्रीवास राजस्थान विनय कुमार सोनी पंजाब वैभव कुमार पंजाब नेहा कपूर ओडिशा लीना कोसम ओडिशा माधुरी सोम ठाकुर ओडिशा विनय शर्मा ओडिशा आनंद रूप तिवारी ओडिशा अविनाश चंपावत नागालैंड ज्योति जुगल मिजोरम आरती वासनिक मेघालय पुलक भट्टाचार्य मेघालय प्रेमलता मांडवी महाराष्ट्र अनुप्रिया मिश्रा महाराष्ट्र यामिनी पांडेय गुप्ता महाराष्ट्र संजीव कुमार झा महाराष्ट्र प्रणब सिंह महाराष्ट्र इफ्फत आरा केरल अजय त्रिपाठी केरल सिम्मी नाहिद कर्नाटक देव नारायण कश्यप हिमाचल प्रदेश अवध राम टंडन हरियाणा आशीष देवांगन हरियाणा चेतन बोरघरिया गुजरात पदूम लाल यादव बिहार किरोड़ीमल अग्रवाल असम हेमंत कुमार असम अभिषेक दीवान आंध्र प्रदेश अभिषेक अग्रवाल आंध्र प्रदेश रेणुका श्रीवास्तव आंध्र प्रदेश शशांक पांडेय दिल्ली।







## वन अपराध रोकने वन मुख्यालय ने राज्य शासन को भेजा 2955 पदों का प्रस्ताव

**रायपुर, 21 मई 2024(ए)।** वन मुख्यालय ने राज्य शासन को वन अमले में 21 साल बाद सेटअप रिव्यू का प्रस्ताव भेजा है। एसीएस वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि विभागीय कामकाज में असंतुलन का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए सेटअप रिव्यू आवश्यक हो गया है। पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार 3243 पदों की वृद्धि मांगी गई थी। ये पद वन मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, वन्यप्राणी, वन अनुसंधान संस्थान के सेटअप को शामिल करते हुए मांगे गए थे। इसे पुन- संशोधित कर कुल 2955 पदों का प्रस्ताव भेजा गया है।

## छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या की


**रायपुर, 21 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 12वीं कक्षा की छात्रा के सुसाइड करने का एक मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक 12वीं में कम नंबर आने की वजह से नाराज छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक छात्रा का नाम वसुंधरा बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बोर्ड रिजल्ट के बाद से ही छात्रा काफी परेशान थी, जिस वजह से उसने यह कदम उठाया है। जानकारी के मुताबिक छात्रा को हमेशा से ही अच्छे अंक मिलते थे। लेकिन इस बोर्ड परीक्षा के एग्जाम में उसका परिणाम अच्छा नहीं आया। बताया जो रहा है की छात्रा को 12वीं में सिर्फ 63 प्रतिशत



अंक मिले थे। जिस वजह से 17 साल की वसुंधरा बारले ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि छात्रा ने देर रात कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी की है। परिजनों की माने तो उनकी बेटी 12वीं के रिजल्ट के बाद से बेहद परेशान थी। वह बार-बार यह कहती थी कि उसे उम्मीद से कम अंक मिले हैं।यह घटना छत्तीसगढ़ के विधानसभा थाना क्षेत्र के ग्राम संकरी की बताई जा रही है। छत्तीसगढ़ में यह कोई पहला मामला नहीं है कि जब बोर्ड परीक्षा में परिणाम आने के बाद बच्चों ने खुदकुशी की है। इससे पहले भी जांजगीर चांपा में ही ऐसी घटनाएं सामने आई थी। 10 वीं और 12 वीं में परिणाम खराब आने के बाद बच्चों की आत्महत्या का यह करीब 11वां मामला है।

## कवर्धा में फिर चलती कार में लगी आग

**कवर्धा,21 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों भीषण गर्मी का कहर जारी है। कुकदूर थाना क्षेत्र के कोदवागोडांन शराब दुकान के पास मुख्य मार्ग पर अचानक कार में आग लगने से गाड़ी जलकर खाक हो गई। कार में सवार तीन लोगों ने वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार तीन युवक गाड़ी रोककर जाम छलका रहे थे। कल इसी मार्ग पर तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलटने से 19 मजदूरों की मौत हुई थी। आज सभी मृतकों को एक साथ ग्रामीणों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी।



## धोखाधड़ी मामले में पूर्व विधायक पर केस दर्ज

» राजस्व रिकॉर्ड में किया कूटरचना...

**बिलासपुर,21 मई 2024 (ए)।** पाली तानाखार के पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट् टा और बेटे समेत 10 लोगों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोप है कि केरकेट्टा ने बिलासपुर में ईसाई कब्रिस्तान के नाम दर्ज जमीन के राजस्व रिकॉर्ड में कूटरचना और षडयंत्र कर खरीद-बिक्री की। कोर्ट के आदेश के बाद सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज किया। दरअसल, 2018 में चुनाव जीतकर विधायक बने मोहितराम को मुख्यमंत्री अधोसंरचना उन्नयन और विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बनाकर राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया था। आरोप है कि मोहितराम ने पद का दुरुपयोग कर बिलासपुर में कुदुदंड के चर्च ऑफ क्राइस्ट मिशन इन इंडिया के कब्रिस्तान के नाम पर दर्ज करीब एक एकड़ जमीन की खरीदी अपने बेटे शंकर केरकेट् टा के नाम पर की थी। संस्था के कथित पदाधिकारियों ने तत्कालीन विधायक मोहितराम केरकेट्टा और उनके बेटे के पास एक एकड़ जमीन का सौदा 99 लाख 22 हजार 500 रुपए में किया। इसमें गवाह संस्था के वाहन चालक अरुण टोप्पो को बनाया गया। बेची गई जमीन संस्था के रिकॉर्ड में ईसाई कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है। इसके अलावा पहले चले न्यायिक मामले में भी जमीन को कब्रिस्तान बताया गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि जमीन की कीमत करीब पांच करोड़ रुपए है। जिसका सौदा भी इसी मूल्य पर किया गया है। आपसी सौदे में जमीन की कीमत 99 लाख रुपए बताकर बाकी के पैसों का बंदरबाट किया गया है, जबकि संस्था के सदस्यों को कब्रिस्तान की जमीन बेचने का अधिकार नहीं है और न हीं क्रेता को भी कब्रिस्तान की जमीन खरीदने का अधिकार है।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)